Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



जनवरी

भाग-2

2025


Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry: +91-87501-87501
Email: care@groupdrishti.in

# प्रश्न

1. **राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह चाय, कॉफी, रबर, मसाले और तंबाकू के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का छठा उत्पाद-समर्पित बोर्ड है।
   2. यह एकमात्र बोर्ड है जिसका अध्यक्ष वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री होता है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1, न ही 2

2. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह तीसरी पीढ़ी की सभी मौसमों में कार्य करने में सक्षम, दागो और भूल जाओ वाली एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल है जिसमें प्रक्षेपण के बाद लॉक-ऑन करने की क्षमता है, जिससे यह स्वायत्त रूप से लक्ष्यों को ट्रैक कर सकती है तथा उन पर हमला कर सकती है।
   2. इसमें उच्च-आक्रमण क्षमता है, जो सशस्त्र वाहनों की कमज़ोर ऊपरी सतह को निशाना बनाती है।
   3. इसकी मारक क्षमता 7 से 10 किलोमीटर है।

   **निम्नलिखित में से कौन सी मिसाइल उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

   A. नाग Mk 2
   B. स्पाइक
   C. जेवलिन
   D. हेलिना

3. **भारतीय प्लेट के संचलन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. प्रारंभिक क्रिटेशस काल में भारत, अफ्रीका से अलग हो गया।
   2. रीयूनियन मेंटल प्लम ने भारतीय प्लेट को सेशेल्स से अलग कर दिया।
   3. भारत-एशिया टकराव एक जटिल महाद्वीप-महाद्वीप टकराव है जिसके परिणामस्वरूप हिमालय का निर्माण हुआ

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई नहीं

4. **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह वर्ष 2011 को आधार वर्ष मानकर वस्तुओं और सेवाओं की टोकरी के आधार पर उपभोक्ता कीमतों में समग्र परिवर्तन को मापता है।
   2. इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रकाशित किया जाता है।
   3. इसका उपयोग महंगाई भत्ते को समायोजित करने के लिये किया जाता है

   **उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. कोई नहीं

5. **निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**
   1. यह पश्चिम बंगाल में आयोजित होने वाला एक वार्षिक धार्मिक उत्सव है।
   2. यह त्यौहार मकर संक्रांति के दिन ही मनाया जाता है।
   3. इसका ऐतिहासिक उल्लेख महाभारत के वन पर्व और रघुवंश में मिलता है।

   **उपर्युक्त विशेषताओं में निम्नलिखित में से किसका सर्वोत्तम रूप वर्णन है?**

   A. कुंभ मेला
   B. पुष्कर मेला

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

C. रथ यात्रा

D. गंगा सागर मेला

6. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हिम तेंदुए जैसे मांसाहारी जानवरों से बचने की इसकी क्षमता के कारण इसे 'भारतीय पैंथर हाउंड' या 'भारतीय तेंदुआ हाउंड' का उपनाम दिया गया है।
2. यह अपनी विशाल, धनुषाकार गर्दन एवं पुष्ट माँसल शरीर के लिये जाना जाता है, जिसकी खाल का वर्ण काला एवं सफेद धारियाँ होती हैं।
3. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (ICAR-NBAGR) ने आधिकारिक तौर पर इसे हिमालयी क्षेत्र की स्वदेशी नस्ल के रूप में मान्यता दी है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा जानवर की उपर्युक्त विवरण व्याख्या करता है?**

A. गद्दी कुत्ता

B. तिब्बत का बड़े आकार वाला कुत्ता

C. बखरवाल कुत्ता

D. हिमालयन शीपडॉग

7. **पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा लॉन्च किया गया और इसका उद्देश्य रूफटोप पर सौर पैनल लगाकर एक करोड़ घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है।
2. इसका कार्यान्वयन राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (NPIA) और राज्य स्तर पर राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA) द्वारा किया जाएगा।
3. केंद्रीय वित्तीय सहायता (CFA) राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से आवासीय उपभोक्ताओं को रूफटोप पर सौर पैनल स्थापित करने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

8. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) संयुक्त राष्ट्र का एक प्रमुख अंग है जो भूखमरी की रोकथाम हेतु अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करता है।
2. FAO और WHO द्वारा स्थापित कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग, अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानकों को निर्धारित करने का कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

9. **कभी-कभी समाचारों में देखी जाने वाली वैश्विक जोखिम रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा जारी की जाती है?**

A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

B. विश्व आर्थिक मंच (WEF)

C. विश्व व्यापार संगठन (WTO)

D. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

10. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रतिस्थापन स्तर प्रजनन क्षमता वह कुल प्रजनन दर है जिस पर किसी जनसंख्या का समान आकार (बिना किसी प्रवासन के) बना रहता है।
2. देश में बिहार और मेघालय में प्रजनन दर सबसे अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

11. **हिंदू कुश हिमालय (HKH) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
    1. HKH आठ देशों अर्थात अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, नेपाल, म्याँमार और पाकिस्तान में फैली एक पर्वत श्रृंखला है।
    2. यहाँ बर्फ और हिम की मात्रा सबसे अधिक है, जिसके कारण इसे अक्सर तीसरा ध्रुव कहा जाता है।

    **उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?**

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1, न ही 2

12. **भारत में मार्शल लॉ के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
    1. अनुच्छेद 34 भारत के राज्यक्षेत्र के भीतर किसी भी क्षेत्र में मार्शल लॉ लागू होने पर मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध लगाता है।
    2. संविधान में एक विशिष्ट प्रावधान है जो कार्यपालिका को मार्शल लॉ घोषित करने का अधिकार देता है।

    **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1, न ही 2

13. **निम्नलिखित आय स्रोतों पर विचार कीजिये:**
    1. मानव उपभोग हेतु शराब पर उत्पाद शुल्क
    2. प्राकृतिक संसाधनों का पट्टा या बिक्री
    3. लॉटरी की बिक्री

    **उपर्युक्त में से कितने राज्यों के लिए राजस्व के प्रत्यक्ष स्रोत हैं ?**

    A. केवल एक
    B. केवल दो
    C. सभी तीन
    D. कोई नहीं

14. **संयुक्त राष्ट्र बाल कोष से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
    1. इसकी स्थापना 1990 में विश्व भर में पोलियो के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर की गई थी।
    2. इसके कार्यक्रमों को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के अनिवार्य योगदान से वित्त पोषित किया जाता है।
    3. इसे प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस पुरस्कार और नोबेल शांति पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

    **उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

    A. केवल एक
    B. केवल दो
    C. सभी तीन
    D. कोई नहीं

15. **कोकबोरोक भाषा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
    1. इसे त्रिपुरा की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है और यह मुख्यत: बंगाली लिपि में लिखी जाती है।
    2. त्रिपुरी राजाओं का इतिहास, राजरत्नाकर, शुरू में कोकबोरोक और कोलोमा लिपि में लिखा गया था।

    **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1, न ही 2

16. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
    1. यह उत्तर-पूर्व में भारतीय राज्यों अरुणाचल प्रदेश, दक्षिण में मणिपुर, पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में असम तथा पूर्व में म्याँमार (बर्मा) से परिवेशित है।
    2. यह क्षेत्र उत्तर में दोयांग और दिखू, दक्षिण-पश्चिम में बराक, तथा दक्षिण-पूर्व में चिंदविन नदी (म्याँमार में) की सहायक नदियों से विच्छेदित है।
    3. यहाँ की जलवायु मानसूनी (शुष्कार्द्र) है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक मेल खाता है?**

A. अरुणाचल प्रदेश
B. नगालैंड
C. मिज़ोरम
D. मणिपुर

**17. सैन्य अभ्यास सिम्बेक्स (नौसेना), सिंडेक्स (वायु सेना) और बोल्ड कुरुक्षेत्र (सेना) किन देशों के बीच आयोजित किये जाते हैं?**

A. भारत और सिंगापुर
B. भारत और ऑस्ट्रेलिया
C. भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका
D. भारत और जापान

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के विज़न में 2035 तक मानवयुक्त चंद्र लैंडिंग तथा 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (BSS) की स्थापना शामिल है।
2. 2024 में इसरो ने वाणिज्यिक और छोटे उपग्रह (SSLV) प्रक्षेपण के लिये तमिलनाडु में अपने दूसरे रॉकेट लॉन्चपोर्ट की नींव रखी।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**19. चुनावी ट्रस्टों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे भारतीय रिज़र्व बैंक के विनियमन के तहत काम करते हैं।
2. ट्रस्ट के माध्यम से किये गए दान पर कर कटौती नहीं मिलती।
3. इस व्यवस्था में दानदाताओं की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**20. फोनियो मिलेट से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी खेती पारंपरिक रूप से फुलानी जनजातियों द्वारा की जाती है।
2. इसकी खेती शुष्क और अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों में की जा सकती है और इसके लिये कम पानी की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**21. कभी-कभी समाचारों में रहने वाले मैप्पयाट्टू, कोलथारी और अंगथारी निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. योग
B. युद्ध कला
C. मुक्केबाज़ी
D. तीरंदाजी

**22. निम्नलिखित लेनदेन पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी प्रतिभूतियों का हस्तांतरण या जारी करना
2. प्रेषण
3. लाभांश और ब्याज

**उपर्युक्त में से कितने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के अंतर्गत पूंजी खाता लेनदेन का हिस्सा हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**23. महायान बौद्ध धर्म के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी उत्पत्ति 72 ई. में कनिष्क के शासनकाल के दौरान कश्मीर में चतुर्थ बौद्ध संगीति के दौरान हुई थी।
2. चीन, कोरिया, तिब्बत और जापान में स्थित बौद्ध संप्रदाय महायान परंपरा से संबंधित हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**24. BRICS के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. BRICS में "भागीदार देश" से तात्पर्य ऐसे राष्ट्रों से है जिन्हें औपचारिक निर्णय लेने की शक्ति के बिना शिखर सम्मेलनों, मंत्रिस्तरीय बैठकों में भाग लेने अथवा अन्य संयुक्त उपक्रमों में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया जाता है।
2. वर्ष 2025 में BRICS की अध्यक्षता करने वाले ब्राज़ील ने नाइजीरिया को BRICS समूह के "भागीदार देश" के रूप में शामिल किये जाने की घोषणा की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**25. हाल ही में वर्ल्ड एम्प्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक: ट्रेंड्स 2025 रिपोर्ट, निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई?**

A. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
B. विश्व आर्थिक मंच (WEF)
C. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
D. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

**26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हिंद महासागर का एक विस्तार है, जो उत्तर में अरब प्रायद्वीप और दक्षिण में अफ्रीकी महाद्वीप के बीच स्थित है।
2. यह दक्षिण में सोमालिया और सोकोत्रा द्वीप समूह, उत्तर में यमन, पूर्व में अरब सागर और पश्चिम में जिबूती से घिरा हुआ है
3. यह गार्डाफुई चैनल के माध्यम से सोमाली सागर से और बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य के माध्यम से लाल सागर से जुड़ता है।

**निम्नलिखित में से कौन सा उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. अदन की खाड़ी
B. फारस की खाड़ी
C. ओमान की खाड़ी
D. होर्मुज जलडमरूमध्य

**27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दक्षिण अमेरिका को मध्य और उत्तरी अमेरिका से जोड़ने के कारण इसे "दक्षिण अमेरिका का प्रवेश द्वार" कहा जाता है।
2. इसके विशाल घास के मैदानों को लॉस लानोस कहा जाता है और ये प्रशांत तथा अटलांटिक महासागरों दोनों में फैले हुए हैं।
3. यह विश्व का सबसे बड़ा कोकीन उत्पादक है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर मेल खाता है?**

A. वेनेज़ुएला
B. कोलंबिया
C. पनामा
D. इक्वाडोर

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

28. **संत नरहरि तीर्थ के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने पूर्वी गंग राजवंश के राजाओं के प्रमुख सलाहकार के रूप में कार्य किया तथा मंदिर प्रबंधन के लिये एक संरचित प्रणाली स्थापित करने में प्रमुख भूमिका निभाई।
2. उन्हें कन्नड़ में कुछ प्रारंभिक देववर्णमालाओं की रचना का श्रेय दिया जाता है, जिससे उनके साहित्यिक योगदान पर प्रकाश पड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

29. **निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रेरणा ली।
2. हरिपुरा अधिवेशन में उन्हें कॉन्ग्रेस का अध्यक्ष चुना गया।
3. उन्होंने स्वराज समाचार पत्र की स्थापना की।

**उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व का सर्वोत्तम वर्णन किया गया है ?**

A. सुभाष चंद्र बोस
B. जवाहरलाल नेहरू
C. सरदार वल्लभभाई पटेल
D. लाला लाजपत राय

30. **भारत में नागरिकता से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के नागरिकता कानून में 'जस सोली' और 'जस सैंग्विनिस' दोनों सिद्धांत शामिल हैं।
2. प्राकृतिकीकरण भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के साधनों में से एक है।
3. अनुच्छेद 12 संसद को कानून द्वारा नागरिकता के अधिकार को विनियमित करने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

31. **हाल ही में समाचारों में चर्चित 'एंटिटी लॉकर', निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?**

A. वास्तविक समय दस्तावेज़ तक पहुँच और सत्यापन के लिये एक सुरक्षित, क्लाउड-आधारित समाधान।
B. सार्वजनिक परिवहन कार्यक्रम पर नज़र रखने के लिये एक मोबाइल एप्लिकेशन।
C. रोज़गार और कैरियर परामर्श के लिये एक ऑनलाइन मंच।
D. आपूर्ति श्रृंखला रसद प्रबंधन के लिये एक उपकरण।

32. **परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (ARC) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक वित्तीय संस्था है जो बैंकों से शोध्य ऋण का क्रय करती है तथा ऋण या संबंधित परिसंपत्तियों की वसूली का प्रयास करती है।
2. ARC की अवधारणा नरसिंहम् समिति-II (1998) द्वारा पेश की गई थी।
3. यह SARFAESI अधिनियम, 2002 के तहत संचालित होता है तथा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

33. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मिशन शक्ति को 15वें वित्त आयोग की अवधि (2021-2026) के दौरान क्रियान्वित किया जा रहा है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. संबल उप-योजना का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं के लिये सुरक्षित आवास के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करना है।
3. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) का लाभ अब दूसरी संतान, यदि वह लड़की हो, को भी मिलेगा।
4. संकल्प: HEW (महिला सशक्तिकरण केंद्र) महिलाओं को केंद्रीय और राज्य योजनाओं तक पहुँच प्रदान करने के लिये ज़िला स्तर पर कार्य करता है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 4
B. केवल 1, 3, और 4
C. केवल 2 और 4
D. 1, 2, 3, और 4

**34. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. भारत में इन्हें कूँज के नाम से जाना जाता है।
2. ये मूल रूप से रूस के साइबेरियाई क्षेत्र पाए जाते हैं।
3. भारत में इनका पहला अभ्यारण्य राजस्थान के खीचन में स्थित है।

**निम्नलिखित में से कौन-सी प्रजाति उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा सर्वोत्तम रूप से वर्णित होती है?**

A. ग्रेटर फ्लेमिंगो
B. भारतीय मोर
C. हूपर हंस
D. डेमोइसेल क्रेन

**35. सीप से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें अकशेरुकी के रूप में वर्गीकृत किया गया है और इनमें रोगाणुरोधी गुण होते हैं।
2. वे विश्व भर में उथले जल के महासागरों में पाए जाते हैं।
3. वे अपने जीवनकाल में कई बार लिंग बदल सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**36. पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके द्वारा मणिपुर, त्रिपुरा और असम को पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया गया।
2. इसके द्वारा मिज़ोरम और अरुणाचल प्रदेश को केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया।
3. इसने नवगठित पूर्वोत्तर राज्यों के लिये राज्यसभा और लोकसभा में सीटें आवंटित कीं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**37. इंडियन ग्रे वुल्फ के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

1. इंडियन ग्रे वुल्फ दक्षिण-पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में पाया जाता है।
2. यह मुख्यत: दिनचर है, तथा दिन के समय शिकार करता है।
3. इंडियन ग्रे वुल्फ को IUCN द्वारा लुप्तप्राय प्रजातियों की सूची में रखा गया है तथा यह ठंडे तापमान वाले क्षेत्रों में पाया जाता है।
4. कर्नाटक में बांकापुर भेड़िया अभयारण्य, महुआदानर भेड़िया अभयारण्य के बाद भारत का दूसरा संरक्षित क्षेत्र है जो पूरी तरह से भेड़ियों को समर्पित है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1, 3, और 4
D. केवल 2 और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

38. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दक्कन प्रायद्वीप जैवभौगोलिक क्षेत्र में स्थित है।
2. इसमें मुख्य रूप से उष्णकटिबंधीय अर्द्ध-सदाबहार वनस्पति के साथ आर्द्र मिश्रित पर्णपाती वन पाए जाते हैं।
3. वर्ष 2009 से बायोस्फीयर रिज़र्व के वैश्विक नेटवर्क के एक भाग के रूप में मान्यता प्राप्त है।
4. खैरी और देव नदियों के किनारे मगरमच्छ के पुनरुद्धार के लिये जाना जाता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा संरक्षित क्षेत्र उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा सबसे अच्छा वर्णित है?**

A. कान्हा टाइगर रिज़र्व
B. सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व
C. बांदीपुर टाइगर रिज़र्व
D. ताड़ोबा-अंधारी टाइगर रिज़र्व

39. **कृषि के संदर्भ में नाइट्रोजन उपयोग दक्षता से क्या तात्पर्य है?**

A. यह फसल की उपज में प्रयुक्त कुल नाइट्रोजन का अनुपात है।
B. यह पौधों द्वारा अवशोषित नाइट्रोजन का वह प्रतिशत है जो क्लोरोफिल अणुओं में परिवर्तित हो जाता है।
C. यह एक फसल चक्र के दौरान मृदा में बैक्टीरिया द्वारा स्थिर की गई नाइट्रोजन की कुल मात्रा है।
D. यह फसल की उपज और मृदा से अवशोषित या बैक्टीरिया द्वारा स्थिर किये गये नाइट्रोजन का अनुपात है।

40. **सिंधु जल संधि से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जल-साझाकरण समझौता है जो भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1960 में वैश्विक जल अर्थशास्त्र आयोग के तत्वावधान में हस्ताक्षरित किया गया था।
2. इससे भारत को व्यास, रावी और चिनाब नदियों के अप्रतिबंधित उपयोग की अनुमति मिलती है।

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

41. **स्क्रैमजेट इंजन के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रणोद के लिये तरल हाइड्रोजन और तरल ऑक्सीजन का उपयोग करता है, जिससे बेहतर ईंधन दक्षता प्राप्त होती है।
2. टर्बोजेट इंजन के विपरीत, रैमजेट और स्क्रैमजेट में कोई गतिशील भाग नहीं होता है, इनमें केवल एक इनलेट, कम्बस्टर और एक नोजल होता है।
3. स्क्रैमजेट हाइपरसोनिक वाहनों के लिये ध्वनि की गति से भी अधिक गति पर एयरफ्लो को संभालने, गतिशीलता प्रदान करने और रणनीतिक लाभ प्रदान करने के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

42. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** राष्ट्रीय बालिका दिवस प्रतिवर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है जिसका उद्देश्य पूरे भारत में लड़कियों के अधिकारों, सशक्तीकरण और क्षमता को बढ़ावा देना है।

**कथन-II:** वर्ष 2015 में शुरू की गई बेटी बचाओ बेटी पढाओ (BBBP) योजना बालिकाओं के अस्तित्व, संरक्षण और शिक्षा को बढ़ावा देते हुए घटते शिशु लिंगानुपात में सुधार लाने पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** *बच्चन सिंह बनाम पंजाब राज्य* मामले, 1980 में सर्वोच्च न्यायालय ने मृत्युदंड की संवैधानिकता को बरकरार रखा, तथा यह निर्धारित किया कि इसे केवल "दुर्लभतम" मामलों में ही गंभीर और कम करने वाले कारकों पर विचार करने के बाद दिया जाना चाहिये।

**कथन-II:** भारत में मृत्युदंड भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और अन्य विशेष कानूनों के प्रावधानों द्वारा शासित है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**44. भारतीय खाद्य निगम (FCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FCI खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. वर्ष 2014 में गठित शांता कुमार समिति ने FCI के परिचालन और वित्तीय प्रबंधन में सुधार की सिफारिश के लिये किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**45. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रामीण नागरिकों को "काम करने का अधिकार" की गारंटी देने के लिये भारत सरकार द्वारा वर्ष 2005 में मनरेगा अधिनियम बनाया गया था।
2. यह कानूनी तौर पर किसी भी ग्रामीण वयस्क को अनुरोध करने के 15 दिनों के भीतर कार्य की गारंटी प्रदान करता है, तथा यदि कार्य नहीं दिया जाता है तो 'बेरोजगारी भत्ता' भी प्रदान किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजकोषीय समेकन का तात्पर्य दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये सरकारी वित्त के विवेकपूर्ण प्रबंधन से है।
2. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 का उद्देश्य राजकोषीय घाटे को कम करने और राजकोषीय उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिये सरकार में वित्तीय समेकन स्थापित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**47. प्रायः समाचारों में आने वाले पद 'ओलिगार्की' का सर्वोत्तम वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. शासन की वह प्रणाली जिसमें सत्ता एक व्यक्ति या राजा के पास होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

B. एक ऐसी शासन प्रणाली जिसमें व्यक्तियों का एक सीमित समूह सारी शक्ति और प्रभुत्व धारित करता है।
C. एक राजनीतिक प्रणाली जिसमें जनता जनमत संग्रह के माध्यम से निर्णय लेने में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेती है।
D. सरकार का एक ऐसा स्वरूप जिसमें नागरिक आवधिक चुनावों के माध्यम से अपने नेताओं का चुनाव करते हैं तथा कानून का शासन सर्वोच्च होता है।

**48. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक विधायी ढाँचा है जिसका उद्देश्य भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों के अधिकारों, कल्याण और कार्य स्थितियों की सुरक्षा करना है।
2. इसे अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के सिद्धांतों के अनुसार तैयार (विशेष रूप से सन्निर्माण सुरक्षा और स्वास्थ्य पर ILO कन्वेंशन संख्या 167 के अनुरूप) किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**49. कभी-कभी समाचारों में रहने वाला केप टाउन कन्वेंशन निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. जलवायु परिवर्तन से निपटने और जैवविविधता की रक्षा करने के उद्देश्य से एक फ्रेमवर्क।
B. संकटग्रस्त प्रजातियों के व्यापार को विनियमित करने के लिये एक वैश्विक समझौता।
C. समुद्री कानून एवं क्षेत्रीय विवादों से संबंधित एक सम्मेलन।
D. विमानन उपकरणों के परिसंपत्ति-आधारित वित्तपोषण एवं पट्टे को सुविधाजनक बनाने के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय संधि।

**50. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत का पहला 100% लैंडलॉर्ड मेजर पोर्ट है।
2. यह एक बल्क कार्गो टर्मिनल से विकसित होकर देश का अग्रणी कंटेनर बंदरगाह बन गया है।
3. इसके तहत आंतरिक क्षेत्र में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के क्रम में वधावन में एक सैटेलाइट बंदरगाह विकसित हो रहा है।

**निम्नलिखित में से कौन सा बंदरगाह उपर्युक्त विशेषताओं को सबसे बेहतर रूप से वर्णित करता है?**

A. मुंद्रा बंदरगाह
B. विशाखापत्तनम बंदरगाह
C. जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण
D. कोचीन बंदरगाह

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और इस देश ने वर्ष 1951 में मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किये, जिसके तहत व्यापार, संस्कृति और सैन्य मामलों में सहयोग स्थापित किया गया।
2. भारत और इस देश ने गुटनिरपेक्षता, उपनिवेशवाद-विरोध और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धांतों को साझा किया, जिसने बांडुंग सम्मेलन (1955) और NAM के गठन (1961) में योगदान दिया।
3. यह देश अब सिंगापुर के बाद आसियान क्षेत्र में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

**निम्नलिखित में से कौन सा देश उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक सुमेलित है?**

A. इंडोनेशिया
B. मलेशिया
C. थाईलैंड
D. वियतनाम

**52. वाइब्रेंट इंडिया के लिये PM यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड स्कीम (PM-YASASVI) योजना के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह योजना हाशिये पर पड़े छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
2. यह OBC, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (EBC) तथा DNT वर्ग के वंचित छात्रों के लिये खुला है, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपए तक है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्द्रभूमि मान्यता प्राप्त शहर उन शहरों के लिये एक अंतरराष्ट्रीय मान्यता है जो अपनी आर्द्रभूमि के संरक्षण और स्थायी प्रबंधन के लिये प्रतिबद्ध हैं।
2. जयपुर और वाराणसी, रामसर अभिसमय के तहत मान्यता प्राप्त आर्द्रभूमि शहरों के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने वाले पहले भारतीय शहर बन गए हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**54. सर्वोच्च न्यायालय से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में दिल्ली को सर्वोच्च न्यायालय का मुख्यालय घोषित किया गया है।
2. सर्वोच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश को राष्ट्रपति के आदेश से उसके पद से हटाया जा सकता है।
3. संविधान में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिये न्यूनतम आयु निर्धारित की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**55. भारत में लौह उपयोग के अवशेषों से संबंधित निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **जगह** | **क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1. | नाइकुंड | विदर्भ |
| 2. | माहुरझारी | नागपुर |
| 3. | पैयमपल्ली | तमिलनाडु |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**56. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारत सरकार द्वारा वर्ष 2013 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को एकीकृत कर शुरू किया गया था।
2. इसका उद्देश्य केवल प्रजनन-मातृ-नवजात-शिशु और किशोर स्वास्थ्य (RMNCH+A) पर ध्यान केंद्रित करते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को मज़बूत करना है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये प्रशांत, हिंद और अटलांटिक महासागरों के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
2. ये अरिबाडा के लिये प्रसिद्ध हैं, जो सामूहिक नीडन का एक अनोखा व्यवहार है, जिसमें इस प्रजाति की अनेक मादाएँ एक साथ नीडन करती हैं।
3. गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य को विश्व में इस प्रजाति से सबसे व्यापक सामूहिक नीडन के शिकार स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

निम्नलिखित में से कौन-सी प्रजाति उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित होती है?

A. ऑलिव रिडले कछुआ
B. राजकर्कट
C. सम्राट पेंगुइन
D. ब्लू व्हेल

**58. इसका नाम दफाबम से निकलने वाली और नोआ-देहिंग नदी में मिलने वाली नदी के नाम पर रखा गया है। इसमें उत्तरी उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन, नम पर्णपाती वन और अल्पाइन झाड़ी वन सहित विविध वनस्पतियाँ हैं।**

**निम्नलिखित में से कौन सा संरक्षित क्षेत्र उपर्युक्त विशेषताओं के साथ सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. मानस राष्ट्रीय उद्यान
B. पीलीभीत टाइगर रिज़र्व
C. डिब्रू-सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान
D. नमदाफा टाइगर रिज़र्व

**59. अरोमा मिशन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के अरोमा उद्योग को बढ़ावा देने के लिये इसे 2016 में कर्नाटक में शुरू किया गया था।
2. इसे लैवेंडर क्रांति के नाम से भी जाना जाता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**60. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह मूल रूप से पूर्वी हिमालय के जल-समृद्ध क्षेत्रों में पाया जाता है।
2. इसे परिपक्व होने में 30 से 50 वर्ष तथा पूर्ण आकार लेने में 150 वर्ष तक का समय लगता है।
3. अनाधिकृत कटाई की रोकथाम करने हेतु यह वृक्ष आधार मिशन के तहत संरक्षित है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा वृक्ष उपर्युक्त वर्णित विशेषताओं द्वारा सर्वोत्तम रूप से वर्णित होता है?**

A. चिनार
B. अगरवुड
C. साल
D. देवदार

**61. फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2025 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?**

A. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)
B. नीति आयोग
C. वित्त मंत्रालय, भारत सरकार
D. भारतीय स्टेट बैंक (SBI) अनुसंधान

**62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पंजाब केसरी के नाम से विख्यात, वे एक प्रेरक नेता और समाज सुधारक थे।
2. उन्होंने वर्ष 1916 में बाल गंगाधर तिलक और एनी बेसेंट द्वारा शुरू किये गए भारत के होमरूल आंदोलन का समर्थन करने के क्रम में होमरूल लीग ऑफ अमेरिका (1917) की स्थापना की थी।
3. उन्होंने साइमन कमीशन के विरोध में हुए आंदोलन (1928) का नेतृत्व किया , जहाँ लाठीचार्ज में लगी चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

**निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. लाला लाजपत राय
B. भगत सिंह
C. बिपिन चंद्र पाल
D. गोपाल कृष्ण गोखले

**63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. भारतीय तारामंडल के साथ नेविगेशन (NavIC) प्रणाली में 7 परिचालन उपग्रह हैं, जिनमें से 3 भूस्थिर कक्षा में और 4 भू-समकालिक कक्षा में हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

2. NavIC भारतीय उपमहाद्वीप और उससे 1,500 किमी दूर तक के क्षेत्रों में उपयोगकर्त्ताओं को सटीक स्थिति, वेग और समय की जानकारी प्रदान करता है।
3. NVS-02, नाविक की दूसरी पीढ़ी के उपग्रहों की शृंखला का दूसरा उपग्रह है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**64. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20(3) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आत्म-दोष के विरुद्ध संरक्षण का अभियुक्त द्वारा दिये गए मौखिक और प्रलेखी साक्ष्य दोनों रूपों में प्रावधान है।
2. इसमें रक्त के नमूने या नमूना हस्ताक्षर जैसी भौतिक वस्तुओं की अनिवार्य प्रस्तुति शामिल नहीं है।
3. अभियुक्त को संरक्षण केवल आपराधिक कार्यवाही तक ही सीमित है, सिविल कार्यवाही या अन्य गैर-आपराधिक कार्यवाही तक नहीं।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2, और 3
D. केवल 1

**65. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन भारतीय मानक समय (IST) के लिये ज़िम्मेदार है?**

A. DRDO - इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली
B. ISRO- भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
C. CSIR- राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला
D. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

**66. तरासा, बोम्पोका और कच्चल द्वीप निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. लक्षद्वीप द्वीप समूह
B. अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह
C. सुंदरबन डेल्टा
D. मालदीव द्वीपसमूह

**67. भारत के रजिस्ट्रार जनरल से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत के जनसांख्यिकीय सर्वेक्षणों की देखरेख करता है।
2. यह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**68. सॉवरेन वेल्थ फंड (SWF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका स्वामित्व केवल केंद्र सरकार के पास हो सकता है।
2. इसमें विदेशी वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेश शामिल है लेकिन पॉलिसीधारकों के स्वामित्व वाली लोक पेंशन निधि इसमें शामिल नहीं है।
3. अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम ने पलेर्मो सिद्धांत 2008 में SWF की विशेषताएँ और उनके संवर्द्धन के लिये दिशा-निर्देश निर्धारित किये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**69. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के योगदान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. असहयोग आंदोलन गांधी जी द्वारा जलियाँवाला बाग हत्याकांड और रॉलेट एक्ट की प्रतिक्रिया में शुरू किया गया था।
2. सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान गांधी जी ने "करो या मरो" का नारा दिया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**70. क्वांटम कंप्यूटिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्लासिकल कंप्यूटरों के विपरीत, जो बाइनरी लॉजिक (0 और 1) का पालन करते हैं, क्वांटम कंप्यूटर पूरी तरह से टर्नरी लॉजिक (0, 1 और 2) का उपयोग करके काम करते हैं।
2. क्वांटम कंप्यूटर क्यूबिट का उपयोग करते हैं, जो सुपरपोजिशन के सिद्धांत के कारण एक साथ कई अवस्थाओं में मौजूद रह सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (A) | 3. (B) | 4. (A) | 5. (D) | 6. (A) | 7. (C) | 8. (B) | 9. (B) | 10. (C) |
| 11. (C) | 12. (A) | 13. (C) | 14. (A) | 15. (C) | 16. (B) | 17. (A) | 18. (B) | 19. (D) | 20. (C) |
| 21. (B) | 22. (A) | 23. (C) | 24. (C) | 25. (A) | 26. (A) | 27. (B) | 28. (C) | 29. (A) | 30. (B) |
| 31. (A) | 32. (C) | 33. (B) | 34. (D) | 35. (C) | 36. (B) | 37. (A) | 38. (B) | 39. (D) | 40. (D) |
| 41. (C) | 42. (B) | 43. (B) | 44. (C) | 45. (C) | 46. (C) | 47. (B) | 48. (D) | 49. (D) | 50. (C) |
| 51. (A) | 52. (C) | 53. (A) | 54. (B) | 55. (C) | 56. (A) | 57. (A) | 58. (D) | 59. (B) | 60. (A) |
| 61. (B) | 62. (A) | 63. (C) | 64. (C) | 65. (C) | 66. (B) | 67. (A) | 68. (A) | 69. (A) | 70. (B) |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

# व्याख्या

**1.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड:**

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में **राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का शुभारंभ किया गया,** जिसका मुख्यालय **निज़ामाबाद, तेलंगाना में होगा।**
- इसकी स्थापना भारत में हल्दी की **खेती, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देने** और हल्दी किसानों की आय में वृद्धि के लिये की गई है।
  - वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने **चाय, कॉफी, रबर, मसाले और तंबाकू** के बाद अपने **उत्पाद-समर्पित** बोर्डों की संख्या बढ़ाकर छह कर दी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बोर्ड में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त **एक अध्यक्ष के अलावा, आयुष मंत्रालय, औषधि विभाग, कृषि और किसान कल्याण विभाग एवं वाणिज्य विभाग के प्रतिनिधियों** को भी नामित किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **उद्देश्य:**
  - **महाराष्ट्र, तमिलनाडु** और अन्य सहित **20 राज्यों में** किसान कल्याण।
    - घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों के लिये अनुसंधान, नये उत्पादों और **मूल्य संवर्द्धन** को बढ़ावा देना।
    - **हल्दी के चिकित्सीय** लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

**2.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**नाग Mk 2 एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM):**

- यह **तीसरी पीढ़ी की, सभी मौसमों में कार्य करने में सक्षम, दागो और भूल जाओ वाली एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल है,** जिसमें **प्रक्षेपण के बाद लॉक-ऑन करने की क्षमता है,** जिससे यह **स्वायत्त रूप से लक्ष्यों को ट्रैक** कर सकती है तथा उन पर हमला कर सकती है।
- इसे **आधुनिक सशस्त्र वाहनों को बेअसर करने के लिये डिज़ाइन** किया गया है, जिसमें **विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच (ERA) वाले वाहन भी शामिल हैं,** तथा यह बढ़ी हुई विनाशकारी शक्ति के लिये **उच्च विस्फोटक एंटी-टैंक (HEAT) वारहेड का उपयोग** करता है।
- इसकी **मारक क्षमता 7 से 10 किलोमीटर** है। इससे पूर्व के संस्करण **नाग एमके-1 की रेंज केवल 4 किलोमीटर** थी।
- इसमें **उच्च-आक्रमण क्षमता है,** जो सशस्त्र वाहनों की कमज़ोर ऊपरी सतह को निशाना बनाती है।
- नाग एमके-2 को NAMICA (**नाग मिसाइल कैरियर) वर्जन 2** द्वारा लॉन्च किया गया है।
  - NAMICA एक **टैंक रोधी सशस्त्र वाहन** या टैंक रोधी वाहन है जिसका उपयोग भारतीय सेना द्वारा टैंक रोधी मिसाइलों को दागने के लिये किया जाता है।




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

- **अत: विकल्प A सही है।**

**3.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय प्लेट, पेलियोज़ोइक युग के अंत में **दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, अरब, मेडागास्कर, ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका** के साथ **गोंडवानालैंड** का हिस्सा थी, जो ट्राइऐसिक काल के अंत (~215 Ma) में विखंडित होने लगी।
- भारत **मध्य जुरासिक (~165-150 Ma) में अफ्रीका से और प्रारंभिक क्रेटेशियस (~130-120 Ma) में अंटार्कटिका-ऑस्ट्रेलिया** से अलग हुआ। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **रीयूनियन मैंटल प्लम ने भारतीय प्लेट को सेशेल्स** से अलग कर दिया, जिससे डेक्कन ट्रैप का निर्माण हुआ। **अत: कथन 2 सही है।**
- **इओसीन** (लगभग 50-35 मिलियन वर्ष पूर्व) के दौरान भारतीय प्लेट एशियाई प्लेट से टकराई, जिससे **हिमालय पर्वत** शृंखला का निर्माण हुआ और **तिब्बती पठार** का उत्थान हुआ। **अत: कथन 3 सही है।**
- महाद्वीप-महाद्वीप के इस टकराव के परिणामस्वरूप विश्व की सबसे बड़ी और सबसे युवा वलित पर्वत पट्टी का निर्माण हुआ जिसे हिमालय के नाम से जाना जाता है।

**4.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उपभोक्ता **मूल्य सूचकांक (CPI) वर्ष 2012 को आधार वर्ष मानकर वस्तुओं और सेवाओं की प्रतिनिधि टोकरी का उपयोग करके** समय के साथ उपभोक्ता कीमतों में परिवर्तन को मापता है । **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस टोकरी में भोजन, कपड़े, परिवहन, चिकित्सा देखभाल, विद्युत् और शिक्षा जैसी वस्तुएँ शामिल हैं।
- इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO)** द्वारा **मासिक रूप से प्रकाशित किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- CPI मूल्य स्थिरता की निगरानी, **महंगाई भत्ते को समायोजित करने** और जीवन-यापन की लागत, क्रय शक्ति और मुद्रास्फीति का आकलन करने का कार्य करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- इसकी गणना चालू वर्ष में वस्तुओं की एक निश्चित टोकरी की लागत की आधार वर्ष से तुलना करके तथा उसे 100 से गुणा करके की जाती है।

**5.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **गंगासागर मेला पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप पर** गंगा और बंगाल की खाड़ी के संगम पर आयोजित एक वार्षिक धार्मिक उत्सव है ।
- गंगोत्री से निकलकर गंगा नदी बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है।
- **मकर संक्रांति** के साथ मनाए जाने वाले इस त्यौहार में मोक्ष और आध्यात्मिक उत्थान की प्राप्ति के लिये गंगा में पवित्र स्नान करना, सूर्य देव को **अर्घ्य देना तथा दीपदान** करना जैसे अनुष्ठान शामिल हैं।
- इसे **कुंभ मेले के बाद भारत में दूसरा सबसे बड़ा धार्मिक** आयोजन माना जाता है।
- इस मेले का ऐतिहासिक उल्लेख **महाभारत के वन पर्व** और **रघुवंश (कालिदास द्वारा)** में मिलता है, जिसमें तीर्थयात्रा के **1500-2000 ईसा पूर्व के प्रमाण मिलते** हैं, तथा यह ऋषि **कपिलमुनि** एवं **पाल वंश के राजा देवपाल** से संबंधित है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**6.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गद्दी कुत्ता:**

भारतीय **कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (ICAR-NBAGR)** ने हिमालयी क्षेत्र की मूल नस्ल **गद्दी कुत्ते** को आधिकारिक तौर पर मान्यता दी है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- गद्दी कुत्ता पंजीकृत प्रजाति में शामिल होने वाला **चौथा मूल नस्ल का कुत्ता** है, **इससे पहले** तमिलनाडु की **राजपलायम और चिप्पीपराई नस्लें और** कर्नाटक की **मुधोल हाउंड नस्लों का पंजीकरण किया जा चुका है।**
- **हिमाचल प्रदेश की गद्दी जनजाति** के नाम पर इस नस्ल का नाम रखा गया है, जिसका उपयोग भेड़ों और बकरियों को शिकारियों से बचाने के लिये किया जाता है और **हिम तेंदुए** जैसे माँसाहारी जानवरों से सुरक्षा प्रदान करने की क्षमता के कारण इसे **'भारतीय पैंथर हाउंड' अथवा 'भारतीय तेंदुआ हाउंड' उपनाम दिया गया है।**
  - हिमाचल प्रदेश की गद्दी जनजाति एक **अर्द्ध-घुमंतू समुदाय** है जो परंपरागत रूप से चरवाही और ऊन प्रसंस्करण में संलग्न है।
- **शारीरिक विशेषताएँ:** गद्दी कुत्ता अपनी विशाल, धनुषाकार गर्दन और पुष्ट माँसल शरीर के लिये जाना जाता है, जिसकी खाल का वर्ण काला होता है और कुछ कुत्तों पर सफेद धारियाँ होती हैं।
- **संख्या में गिरावट:** 1000 से कम समष्टि वाले गद्दी कुत्ते को **जीन पूल के कमज़ोर होने** और प्रजनन कार्यक्रमों के अभाव के कारण विलुप्त होने का खतरा है।
- **संरक्षण प्रयास:** इस मान्यता का उद्देश्य गद्दी नस्ल के संरक्षण में मदद करना है, जिसे अभी तक प्रमुख केनेल क्लबों द्वारा मान्यता नहीं दी गई है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**7.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना:**

- केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने **पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिये परिचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें आरईएससीओ (नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी) और यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन (ULA) मॉडल का** विवरण दिया गया है ।
  - **ये दिशानिर्देश योजना के राष्ट्रीय पोर्टल** के माध्यम से **छतों पर सौर ऊर्जा स्थापित करने** के मौजूदा उपभोक्ता-संचालित कार्यान्वयन के पूरक होंगे ।
- **नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा** मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा फरवरी 2024 में शुरू की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य छतों पर सौर पैनल लगाकर एक करोड़ घरों को मुफ़्त बिजली उपलब्ध कराना है । **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह प्रति माह 300 यूनिट तक **मुफ्त बिजली प्रदान करता है** तथा **स्थापना लागत का 40% तक सब्सिडी प्रदान करता है,** जिससे पूरे देश में सौर ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा मिलता है।
- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना को राष्ट्रीय स्तर पर **राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (NPIA)** और राज्य स्तर पर **राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA) द्वारा लागू किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।**
- **केंद्रीय वित्तीय सहायता (CFA)** राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से आवासीय उपभोक्ताओं को रूफटॉप पर सौर पैनल लगाने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है। **अत: कथन 3 सही है।**
- 5,000 (या विशेष राज्यों में 2,000) से अधिक आबादी वाले गांव चयन के लिये पात्र हैं और **ज़िला स्तरीय समिति (DLC)** द्वारा पहचान किये जाने के छह महीने बाद उनकी **नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है।**
  - **प्रत्येक ज़िले में** सर्वाधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाले गांव को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है।

**8.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) संयुक्त राष्ट्र** की एक **विशेष एजेंसी है** जो भूखमरी की रोकथाम हेतु अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- यह रोम (इटली) में स्थित संयुक्त राष्ट्र खाद्य सहायता संगठनों में से एक है। इसके सहयोगी निकाय **विश्व खाद्य कार्यक्रम** एवं **अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD)** हैं।
- FAO और WHO द्वारा स्थापित कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग, अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानकों को निर्धारित करने का कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह खाद्य मानकों के विकास में समन्वय स्थापित करने, उपभोक्ता स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा वैश्विक खाद्य व्यापार में निष्पक्ष प्रथाओं को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाता है।

9.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **वैश्विक जोखिम रिपोर्ट विश्व आर्थिक मंच (WEF)** द्वारा जारी की जाती है।
- **20वीं वैश्विक जोखिम रिपोर्ट, 2025** में भारत के संदर्भ में शीर्ष पाँच जोखिमों पर प्रकाश डाला गया है, जिनमें जल आपूर्ति की कमी, मिसइन्फॉर्मेशन, मानव अधिकारों तथा नागरिक स्वतंत्रता का हनन, प्रदूषण (वायु, जल और मृदा) तथा श्रम और प्रतिभा की कमी शामिल हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

10.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रतिस्थापन स्तर प्रजनन क्षमता वह कुल प्रजनन दर है जिस पर किसी जनसंख्या का समान आकार (बिना किसी प्रवासन के) बना रहता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5), 2019-21 के अनुसार, बिहार और मेघालय में देश में सबसे अधिक प्रजनन दर है जबकि सिक्किम तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सबसे कम प्रजनन दर है। **अतः कथन 2 सही है।**

11.

**उत्तर: C**


**व्याख्या:**

**हिंदू कुश हिमालय**

- हिंदू कुश हिमालय एक पर्वत शृंखला है जो **3500 किलोमीटर क्षेत्र में विस्तृत है** और आठ देशों अर्थात् **अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, नेपाल, म्याँमार और पाकिस्तान के अनुदिश है। अतः कथन 1 सही है।**
  - इसमें विश्व के **7,000 मीटर से अधिक ऊँचाई वाले सभी शिखर मौजूद हैं।**
- **ग्लेशियर: आर्कटिक और अंटार्कटिका से इतर** HKH ऐसा क्षेत्र है जहाँ हिमपात और हिम की मात्रा सर्वाधिक है, जिसके कारण इसे प्रायः **तीसरा ध्रुव** कहते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **एशिया का जल टॉवर:** इसे **'एशिया का जल टॉवर' कहते हैं क्योंकि यह 10 प्रमुख (सीमापारिक) नदियों** सहित **12 नदी घाटियों** के लिये जल का महत्त्वपूर्ण स्रोत है:
  - अमु दरिया, **ब्रह्मपुत्र, गंगा, सिंधु, इरावदी, मेकांग,** साल्विन, तारिम, यांग्त्से, और पीला (हुआंग हे)।
  - ये **एशिया के 16 देशों से होकर बहती हैं तथा** HKH क्षेत्र में निवास कर रहे **240 मिलियन लोगों तथा निम्न क्षेत्रों में रहने वाले 1.65 बिलियन लोगों** के लिये स्वच्छ जल के स्रोत हैं।
  - **पारिस्थितिकी: यहाँ 330 पक्षी और जैवविविधता क्षेत्र** पाए जाते हैं, जिसमें **चार वैश्विक** जैवविविधता हॉटस्पॉट शामिल हैं, अर्थात् हिमालय, **इंडो-बर्मा, दक्षिण-पश्चिम चीन पर्वत और मध्य एशिया पर्वत।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:




12.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भारत में मार्शल लॉ:**
  - **अनुच्छेद 34 के विषय में:** भारत के राज्यक्षेत्र में किसी भी क्षेत्र में मार्शल लॉ लागू होने पर मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - भारत में मार्शल लॉ की अवधारणा इंग्लिश कॉमन लॉ से लिया गया है। हालाँकि, **संविधान में कहीं भी 'मार्शल लॉ'** शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है।
  - **अनुच्छेद 34** के तहत मार्शल लॉ की घोषणा **अनुच्छेद 352** के तहत राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा से भिन्न है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **मार्शल लॉ के दौरान की गई कार्रवाइयों के लिये क्षतिपूर्ति:**
  - अनुच्छेद 34 संसद को **किसी सरकारी कर्मचारी या किसी अन्य व्यक्ति को** किसी ऐसे क्षेत्र में, जहाँ मार्शल लॉ लागू हो, व्यवस्था बनाए रखने या बहाल करने के संबंध में उसके द्वारा किये गए किसी कार्य के लिये क्षतिपूर्ति देने का अधिकार देता है।
  - संसद ऐसे क्षेत्र में मार्शल लॉ के तहत **पारित किसी भी सजा, दिये गए दंड, जब्ती के आदेश या किये गए अन्य कार्य** को भी वैध बना सकती है।
  - संसद द्वारा पारित क्षतिपूर्ति अधिनियम को किसी भी मूल अधिकार के उल्लंघन के आधार पर **किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।**
- **लागू करने की शर्तें:**
  - **संविधान में ऐसा कोई विशिष्ट प्रावधान** भी नहीं है जो कार्यपालिका को मार्शल लॉ घोषित करने का अधिकार देता हो।
  - मार्शल लॉ युद्ध, आक्रमण, बगावत, विद्रोह या कानून के प्रति किसी भी हिंसक प्रतिरोध **जैसी असाधारण परिस्थितियों में लगाया जा सकता है।**
- **शक्तियों का दायरा:**
  - मार्शल लॉ के दौरान, सैन्य अधिकारियों को सभी आवश्यक कदम उठाने के लिये असामान्य शक्तियाँ प्रदान की जाती हैं।
  - **सर्वोच्च न्यायालय ने** माना कि मार्शल लॉ की घोषणा से ***स्वत: ही बंदी*** प्रत्यक्षीकरण **रिट निलंबित नहीं हो जाती।**

13.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राज्य विभिन्न स्रोतों से राजस्व अर्जित करते हैं। उनके **अपने कर राजस्व (OTR) में राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए कर शामिल हैं,** जैसे राज्य GST (SGST), केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किये गए वस्तु और सेवा कर (GST) का एक हिस्सा, **शराब पर राज्य उत्पाद शुल्क (मानव उपभोग के लिये),** GST के दायरे से बाहर की वस्तुओं पर बिक्री कर या वैट, संपत्ति लेनदेन पर स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क, वाहन पंजीकरण कर और मूवी टिकटों पर मनोरंजन कर।
- इसके अतिरिक्त, राज्य **प्राकृतिक संसाधनों के पट्टे या बिक्री,** सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी आर्थिक सेवाओं, **लॉटरी की बिक्री** और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्थानीय

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

निकायों को दिये गए ऋण से ब्याज प्राप्तियों जैसी गतिविधियों से गैर-कर राजस्व अर्जित करते हैं।
- राज्यों को केंद्र सरकार से अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता भी मिलती है, जो कल्याण, बुनियादी ढाँचे और आपदा राहत में सहायता करती है।

- **अत: मानव उपभोग के लिये शराब पर उत्पाद शुल्क (1), प्राकृतिक संसाधनों का पट्टा या बिक्री (2), और लॉटरी की बिक्री (3)** सभी राज्यों के लिये राजस्व के प्रत्यक्ष स्रोत हैं।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**14.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **द्वितीय विश्व युद्ध से प्रभावित बच्चों की सहायता के लिये वर्ष 1946 में स्थापित यूनिसेफ** भारत सहित 190 से अधिक देशों में कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, सहायता प्रदान करना और विश्व स्तर पर उनके कल्याण की समर्थन करना है।
- इसे **सरकारों, संगठनों और व्यक्तियों के स्वैच्छिक योगदान से वित्तपोषित किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **यूनिसेफ ने प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस पुरस्कार, इंदिरा गांधी पुरस्कार और नोबेल शांति पुरस्कार** जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्जित किये हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- भारत में यूनिसेफ वर्ष 1949 से सक्रिय है तथा बाल कल्याण में सुधार के लिये 17 राज्यों में कार्य कर रहा है।
  - उल्लेखनीय पहलों में एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (आईसीडीएस), सफल पोलियो उन्मूलन अभियान, मातृ एवं बाल पोषण कार्यक्रम, तथा नवजात मृत्यु दर को कम करने के लिये भारत नवजात कार्य योजना शामिल हैं।

**15.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कोकबोरोक को वर्ष **1979 में त्रिपुरा की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी गई थी** (त्रिपुरा की 23.97% आबादी द्वारा बोली जाती है (2011 की जनगणना)) तथा **इसे बंगाली लिपि** में लिखा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह कम-से-कम पहली शताब्दी ई. से अस्तित्व में है। राजरत्नाकर, त्रिपुरी राजाओं का एक इतिहास, प्रारंभ में **दुर्लोबेंद्र चोंटई द्वारा कोकबोरोक और कोलोमा लिपि में लिखा गया था। अत: कथन 2 सही है।**

**16.**

**उत्तर: B**


**व्याख्या:**

**नगालैंड:**

- नगालैंड भारत का एक राज्य है जो देश के पूर्वोत्तर भाग की **पहाड़ियों और पर्वतों में स्थित है। यह भारत के छोटे राज्यों में से एक है।**
- नगालैंड उत्तर-पूर्व में अरुणाचल प्रदेश, दक्षिण में मणिपुर, पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में असम और पूर्व में म्याँमार (बर्मा) देश से **परिवेशित** है।
- राज्य की राजधानी कोहिमा है, जो नगालैंड के दक्षिणी भाग में स्थित है।
- नगालैंड का लगभग पूर्ण क्षेत्र पर्वतीय है। उत्तर में, नगा पहाड़ियों में ब्रह्मपुत्र घाटी से सहसा लगभग 2000 फीट (610 मीटर) ऊँची हो जाती हैं और फिर दक्षिण-पूर्व की ओर 6,000 फीट (1,830 मीटर) से अधिक की ऊँचाई तक बढ़ जाती हैं।
  - ये **पर्वत म्याँमार सीमा पर अराकान प्रणाली के भाग पटकाई पर्वतमाला के साथ मिल जाते हैं** तथा माउंट सरमाती में इनकी ऊँचाई अधिकतम, 12,552 फीट (3,826 मीटर) हो जाती है।
- यह क्षेत्र **उत्तर में दोयांग और दिखू**, दक्षिण-पश्चिम में बराक, तथा दक्षिण-पूर्व में चिंदविन नदी (म्याँमार में) की सहायक नदियों से विच्छेदित है।
- नगालैंड की जलवायु मानसूनी (शुष्कार्द्र) है।
  - वार्षिक वर्षा औसतन 70 से 100 इंच (1,800 और 2,500 मिमी.) के बीच होती है तथा यह दक्षिण-पश्चिम मानसून (मई से सितंबर) के महीनों में केंद्रित होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:




- **अत: विकल्प B सही है।**

17.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत-सिंगापुर संबंध:**

- भारत वर्ष 1965 में सिंगापुर की स्वतंत्रता को **मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था।**
    - इनका संबंध स्टैमफोर्ड रैफल्स द्वारा वर्ष 1819 में सिंगापुर में एक व्यापारिक केन्द्र स्थापित करने से आरंभ हुआ, जो वर्ष 1867 तक कोलकाता से शासित एक ब्रिटिश उपनिवेश बन गया।
- भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक **आर्थिक सहयोग समझौते (CECA) पर वर्ष** 2005 में हस्ताक्षर किये गये थे।
    - सिंगापुर **भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है (वित्त वर्ष 24),** जो भारत के कुल व्यापार का 3.2% है।
    - भारत सिंगापुर का 12वाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, तथा सिंगापुर के कुल व्यापार में इसकी हिस्सेदारी 2.3% है।
- सिंगापुर आसियान क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।
- भारत और **सिंगापुर के बीच सैन्य अभ्यासों में सिम्बेक्स (नौसेना), सिंडेक्स (वायु सेना) और बोल्ड कुरुक्षेत्र (थल सेना) शामिल हैं।**
- सिंगापुर की चार आधिकारिक भाषाएँ मलय, मंदारिन, तमिल एवं अंग्रेजी हैं।
- सिंगापुर की 3.9 मिलियन की निवासी जनसंख्या में जातीय भारतीय लगभग 9.1% या लगभग 3.5 लाख हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

18.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का भविष्य का विजन:** भारत की कार्यनीति में वर्ष **2040 तक मानवयुक्त चंद्र लैंडिंग** और वर्ष **2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (BAS)** स्थापित करना शामिल है, जिसके लिये ऐसे भारी प्रक्षेपण यानों की आवश्यकता होगी, जिन्हें मौजूदा पैडों में समायोजित नहीं किया जा सकता। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **रॉकेट लॉन्चपोर्ट:**
    - केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में भारत के पहले लॉन्चपोर्ट (दूसरा लॉन्चपोर्ट-**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**कुलशेखरपट्टिनम) सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC) में तीसरे लॉन्च पैड (TLP) की स्थापना की स्वीकृति दे दी है।**

- तीसरे लॉन्च पैड में **निम्न भू कक्षा** में **30,000 टन** भार वाले अंतरिक्ष यान का वहन करने की क्षमता होगी।
- इसे **NGLV, अर्द्ध क्रायोजेनिक चरणों** वाले **LVM3 यानों और स्केल-अप NGLV** विन्यास में सहायता के लिये डिज़ाइन किया गया है।

◆ **वर्ष 2024 में , वाणिज्यिक, ऑन-डिमांड और लघु उपग्रह (SSLV) प्रक्षेपणों** और **श्रीलंका के** ऊपर **डॉगलेग पैंतरेबाज़ी से बचने के लिये कुलसेकरपट्टिनम,** तमिलनाडु में **ISRO के दूसरे रॉकेट लॉन्चपोर्ट** की आधारशिला रखी गई। अत: कथन 2 सही है।

19.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **चुनावी ट्रस्ट के बारे में; वर्ष 2013** में शुरू किये गए चुनावी ट्रस्ट गैर-लाभकारी संस्थाएँ हैं जो दानदाताओं से धन एकत्र करने और उन्हें राजनीतिक दलों को वितरित करने के लिये स्थापित की गई हैं।
- इन ट्रस्टों को **कंपनी अधिनियम, 1956** के तहत विनियमित किया जाता है । इस अधिनियम की **धारा 25 (वर्तमान में नए कंपनी अधिनियम, 2013** में **धारा 8** ) किसी भी कंपनी को इस योजना के तहत चुनावी ट्रस्ट स्थापित करने की अनुमति देती है।
- इन्हें **कंपनी अधिनियम द्वारा विनियमित किया जाता है** और राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये **चुनाव आयोग और आयकर विभाग दोनों द्वारा निगरानी की जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ट्रस्ट के माध्यम से दानदाताओं को कर में छूट मिलती है । **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **दानदाताओं और प्राप्तकर्त्ताओं दोनों की पहचान जनता के समक्ष पारदर्शी रूप से रखी जाती है।** दान को एकत्रित करके और विस्तृत जानकारी प्रदान करके, इलेक्टोरल ट्रस्ट का उद्देश्य राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

20.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- फोनियो, **पश्चिम अफ्रीका (जैसे, घाना) का प्राचीन मिलेट अथवा कदन्न** है जो, **जलवायु परिवर्तनों के प्रति आघात सहनीयता, सुकर जुताई और जल की न्यूनतम आवश्यकता** के साथ **अल्प उपजाऊ भूमि में वृद्धि की क्षमता** के लिये जाना जाता है।
  ◆ इसकी **अनुकूलनशीलता और पोषण मान के कारण** इसे प्राय: **चमत्कारिक अनाज की संज्ञा दी जाती है।।**
- **परंपरागत रूप से फोनियो की खेती फुलानी जनजाति** द्वारा की जाती है, जो अफ्रीका की **सबसे बड़ी घुमंतू जनजाति है। अत: कथन 1 सही है।**
- **इसकी खेती शुष्क और अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों** में की जा सकती है और इसकी **जल खपत बहुत अधिक नहीं** होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **संयुक्त राष्ट्र** द्वारा वर्ष 2023 को **अंतर्राष्ट्रीय कदन्न वर्ष** घोषित किया गया है।

21.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **मैप्पयाट्टू, कोलथारी और अंगथारी, कलारीपयाट्टू के प्रशिक्षण के चरण हैं ,** जो विश्व की सबसे पुरानी और सबसे **वैज्ञानिक मार्शल आर्ट** में से एक है।
- मैप्पयाट्टू में युद्ध के लिये **शरीर को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित** किया जाता है, **कोलथारी में छोटी और लंबी छड़ियों जैसे लकड़ी के हथियारों के साथ प्रशिक्षण** दिया जाता है, तथा **अंगथारी में तेज़ धातु के हथियारों के उपयोग का प्रशिक्षण** दिया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- ये चरण व्यवस्थित प्रशिक्षण का हिस्सा हैं जो **मन-शरीर समन्वय पर ज़ोर देते हैं** और कलरीपयट्टू के व्यापक मार्शल आर्ट ढाँचे का अभिन्न अंग हैं।
- **कलरीपयट्टू दो प्रकार का होता है:** उत्तरी शैली, जिसमें हथियारों और रैखिक संचलन पर ज़ोर दिया जाता है, और दक्षिणी शैली, जिसमें कम हथियारों के साथ बहु-दिशात्मक संचलन पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**22.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999 के तहत लेनदेन को चालू खाता लेनदेन और पूंजी खाता लेनदेन में विभाजित किया जाता है।
- पूंजी खाता लेनदेन में वे लेनदेन शामिल होते हैं जो **भारत में निवासियों या भारत के बाहर अनिवासियों की परिसंपत्तियों या देनदारियों में परिवर्तन** करते हैं।
  - इसमें **विदेशी प्रतिभूतियों का हस्तांतरण या जारी करना शामिल** है, जो इस श्रेणी में आता है।
- दूसरी ओर, **प्रेषण और निवेश से आय - जैसे लाभांश और ब्याज, चालू खाता लेनदेन** का हिस्सा हैं, जो पूंजी संचलन के बजाय व्यापार, सेवाओं और आय प्रवाह से संबंधित हैं।
  - इसलिये, **केवल विदेशी प्रतिभूतियों का हस्तांतरण या जारी करना ही पूंजी खाता** लेनदेन है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**23.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **महायान बौद्ध धर्म:**
  - महायान, जिसका संस्कृत में अर्थ **"ग्रेट व्हीकल"** है, बौद्ध धर्म के संप्रदायों में से एक है।
  - इसमें **बुद्ध की दिव्यता** तथा बुद्ध के मूर्ति रूप एवं **बोधिसत्व की मूर्ति पूजा में विश्वास** किया गया है।
  - इसकी उत्पत्ति 72 ई. में **कनिष्क** के शासनकाल के दौरान **कश्मीर में चतुर्थ बौद्ध संगीत** में हुई और फिर इसका पूर्व में **मध्य एशिया, पूर्वी एशिया** और **दक्षिण पूर्व एशिया के कुछ क्षेत्रों** में विस्तार हुआ। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **चीन, कोरिया, तिब्बत और जापान** में स्थित बौद्ध संप्रदाय महायान परंपरा से संबंधित हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**24.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **BRICS:**
  - **BRICS का गठन वर्ष 2009** में **ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन** द्वारा किया गया था, जिसमें **वर्ष 2010** में **G7 देशों** के प्रति संतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से **दक्षिण अफ्रीका** को शामिल किया गया था।
    - **वर्ष 2023** में BRICS में **ईरान, मिस्र, इथियोपिया और UAE को शामिल किया गया**, जबकि **सऊदी अरब** को भी इसमें शामिल होने के लिये **आमंत्रित** किया गया था।
    - **इंडोनेशिया** आधिकारिक तौर पर **10वें सदस्य** के रूप में **BRICS समूह में शामिल हो गया है, जो जनवरी 2025** से प्रभावी हुआ।
    - **तुर्की, अज़रबैजान और मलेशिया ने औपचारिक रूप** से BRICS सदस्य बनने के लिये **आवेदन किया** है।
  - BRICS में, "भागीदार देश" से तात्पर्य ऐसे राष्ट्रों या संगठनों से है जिन्हें **सदस्यता के बिना** अथवा औपचारिक निर्णय लेने की शक्ति के बिना **शिखर सम्मेलनों, मंत्रिस्तरीय बैठकों** में भाग लेने अथवा अन्य **संयुक्त उपक्रमों में भाग लेने** के लिये आमंत्रित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - **वर्ष 2025** में **BRICS** की अध्यक्षता करने वाले **ब्राज़ील ने नाइजीरिया** को BRICS समूह के

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

"भागीदार देश" के रूप में शामिल किये जाने की घोषणा की। **अतः कथन 2 सही है।**

- **नाइजीरिया बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कज़ाखस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, युगांडा और उज़्बेकिस्तान** के साथ मिलकर **9वाँ BRICS भागीदार देश** बन गया है।

25.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**वर्ल्ड एम्प्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक: ट्रेंड्स 2025 रिपोर्ट:**

- हाल ही में **अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)** ने अपनी "**वर्ल्ड एम्प्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक (WESO): ट्रेंड्स 2025" रिपोर्ट जारी की, जिसके अनुसार वर्ष 2024** में वैश्विक बेरोज़गारी दर 5% के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर रही।
- इस रिपोर्ट में इसका कारण **मंद आर्थिक सुधार, भू-राजनीतिक तनाव, जलवायु परिवर्तन** और श्रम बाज़ार को प्रभावित करने वाली **सामाजिक अनिश्चितताओं** जैसी चुनौतियों को बताया गया है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

26.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- **अदन की खाड़ी:**
  - **परिचय:** यह हिंद महासागर **का एक विस्तार है,** जो उत्तर में **अरब प्रायद्वीप** और दक्षिण में **अफ्रीकी महाद्वीप** के बीच स्थित है।
  - **अवस्थिति:** यह दक्षिण में **सोमालिया** और सोकोत्रा द्वीप समूह, उत्तर में **यमन,** पूर्व में **अरब सागर** और पश्चिम में **जिबूती** से घिरा हुआ है।
  - यह **गार्डाफुई चैनल** के माध्यम से **सोमाली सागर** से और बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य के माध्यम से **लाल सागर** से जुड़ता है।
- **आर्थिक महत्त्व: वैश्विक समुद्री पेट्रोलियम का लगभग** 10% और **भारत का 110 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का व्यापार** अदन की खाड़ी से होकर गुजरता है।




- **अतः विकल्प A सही है।**

27.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- **कोलंबिया: दक्षिण अमेरिका को मध्य और उत्तरी अमेरिका से जोड़ने** के कारण इसे "**दक्षिण अमेरिका का प्रवेश द्वार**" कहते हैं।
  - इसके विशाल घास स्थलों **लॉस लानोस** कहा जाता है और **ये प्रशांत महासागर और साथ ही अटलांटिक महासागर** में भी विस्तृत हैं।
  - विश्व की लगभग 10% पशु प्रजातियाँ कोलंबिया में पाई जाती हैं, जबकि यह **पृथ्वी के 1% से भी कम भू-क्षेत्र में विस्तृत है।**
  - यह विश्व का सबसे बड़ा कोकीन **उत्पादक देश** है।
- **कोलंबिया** में प्रतिद्वंदी मिलिशिया के बीच संघर्ष के कारण **हिंसा बढ़ रही है,** जिससे इसकी **शांति प्रक्रिया** खतरे में है और **सैन्य तैनाती** के साथ आपातकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- इस हिंसा में वे गुरिल्ला समूह शामिल हैं जिन्होंने **पूर्व के शांति समझौतों पर असहमति** व्यक्त की थी।
- इस समझौते से **कोलंबियाई सरकार** और मार्क्सवादी-लेनिनवादी **गुरिल्लाओं (वामपंथी बल)** (1964-2016) के बीच संघर्ष **समाप्त हुआ।**
- ये समूह **कोका पत्ती के बागानों** वाले एक रणनीतिक सीमा क्षेत्र पर नियंत्रण के लिये संघर्ष कर रहे हैं, जो **कोकीन उत्पादन** के लिये कच्चा माल है।
- सैकड़ों शरणार्थियों ने कोलंबिया के शहर **टिबू में सुरक्षा की मांग की,** जहाँ उनके रहने के लिये कई **आश्रय स्थल स्थापित किये गए।**




- **अत: विकल्प B सही है।**

**28.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**संत नरहरि तीर्थ (1243-1333 ई.):**

- **संत नरहरि तीर्थ** **माधव परंपरा** के एक **द्वैत दार्शनिक, बुद्धिजीवी, विद्वान, राजनेता** व संत थे।
  - वे **आंध्र प्रदेश के चिकाकोलू (आधुनिक श्रीकाकुलम) के निवासी थे तथा उनका जन्म ओडिशा के गजपति साम्राज्य** में एक कुलीन परिवार में हुआ था।
- **पूर्वी गंग राजवंश में भूमिका: 30 से अधिक वर्षों तक, नरहरि तीर्थ ने पूर्वी गंग राजवंश** के राजाओं की सहायता की। उन्होंने शासकों को **सनातन धर्म** का पालन करने में सहायता तथा मंदिर के मामलों के प्रबंधन के लिये एक संरचित कार्यकारी प्रणाली की स्थापना की। **अत: कथन 1 सही है।**
  - उनके प्रयासों का विवरण **सिंहचलम** और **श्रीकुरमम मंदिरों में पाए गए** शिलालेखों में मिलता है।
  - **बौद्धिक विरासत:** वह एक विपुल लेखक थे, उन्होंने कई ग्रंथों की रचना की, हालाँकि उनकी केवल 2 रचनाएँ - **गीता भाष्य** और **भावप्रकाशिका** ही बची हैं।
    - कन्नड़ में प्रथम **देववर्णम** की रचना का श्रेय भी उन्हें दिया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**29.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **सुभाष चंद्र बोस का** जन्म 1897 में कटक में हुआ था और उनका पालन-पोषण ऐसे परिवार में हुआ था जो अंग्रेज़ी शिक्षा और हिंदू परंपराओं दोनों को महत्व देता था।
  - उन्होंने कलकत्ता के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल और प्रेसीडेंसी कॉलेज में शिक्षा प्राप्त की, जहाँ वे ब्रिटिश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो गये।
- **रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं** तथा बंकिम चंद्र चटर्जी के आनंद मठ से प्रेरित होकर बोस ने भारत की स्वतंत्रता पर केंद्रित पश्चिमी और भारतीय सांस्कृतिक आदर्शों का एक अनूठा संश्लेषण विकसित किया।
  - वर्ष 1920 में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद, गांधीजी के अहिंसक दृष्टिकोण से असहमत होने के कारण, उन्होंने 1921 में स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिये इस्तीफा दे दिया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **वे हरिपुरा अधिवेशन में कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष** चुने गए और वर्ष 1939 में त्रिपुरी अधिवेशन में पुन: निर्वाचित हुए, लेकिन उन्हें गांधीजी और अन्य कॉन्ग्रेस नेताओं के साथ संघर्ष का सामना करना पड़ा, अंतत: उन्होंने इस्तीफा दे दिया और साम्राज्यवाद-विरोध तथा समाजवाद को बढ़ावा देने के लिये फॉरवर्ड ब्लॉक का गठन किया।
    - उन्होंने **स्वराज समाचार पत्र** की भी स्थापना की।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**30.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत के नागरिकता कानून में ***'जस सोली'*** और ***'जस सैंग्विनिस'*** दोनों सिद्धांतों को शामिल किया गया है, जिससे ढाँचे में जन्मसिद्ध अधिकार और वंशानुक्रम के बीच संतुलन स्थापित होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नागरिकता अधिनियम, 1955 में जन्म, वंश, पंजीकरण और **प्राकृतिकीकरण** सहित भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के विभिन्न तरीकों की रूपरेखा दी गई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नागरिकता अधिनियम में निर्धारित अन्य योग्यताओं के साथ-साथ, प्राकृतिकीकरण के लिये भारत में 12 वर्षों तक निवास करना आवश्यक है।
- इसके अतिरिक्त, **भारतीय संविधान का अनुच्छेद 11** संसद को कानून द्वारा नागरिकता संबंधी मामलों को विनियमित करने की शक्ति प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**31.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**'एंटिटी लॉकर':**

- **इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (MeitY)** के तहत राष्ट्रीय **ई-गवर्नेंस प्रभाग** ने **एँटिटी लॉकर** विकसित किया है। यह प्लेटफॉर्म भारत के <u>डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना</u> का एक महत्त्वपूर्ण घटक है, जिसे प्रबंधन में सुधार करने और व्यवसाय/संगठन के दस्तावेजों के सत्यापन के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- यह एक सुरक्षित, **क्लाउड-आधारित समाधान** है। यह बड़े **संगठनों, निगमों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, ट्रस्टों, स्टार्टअप** सहित कई प्रकार की संस्थाओं के लिये दस्तावेजों के भंडारण, साझाकरण और सत्यापन को सरल बनाता है।
    - कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, <u>वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (GSTN), विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT)</u> और अन्य विनियामक संस्थानों जैसी प्रणालियों के साथ एँटिटी लॉकर का सहज एकीकरण व्यवसायों को महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों तक तत्काल पहुँच प्रदान करता है।
- सुरक्षित दस्तावेज प्रबंधन के लिये 10 जीबी एन्क्रिप्टेड क्लाउड स्टोरेज, डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणीकरण और आधार-प्रमाणित भूमिका-आधारित पहुँच की सुविधा प्रदान करता है।
- **प्रशासनिक ओवरहेड को कम करने के लिये भंडारण** और सुरक्षा को समेकित करता है, दस्तावेज की प्रक्रिया में लगने वाले समय और परिचालन संबंधी बाधाओं को कम करता है
    - एँटिटी लॉकर भारत के **डिजिटल रूप से सशक्त अर्थव्यवस्था के लक्ष्य का समर्थन करता है तथा बेहतर डिजिटल शासन और व्यापार सुगमता** लिये केंद्रीय बजट 2024-25 के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**32.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियां (ARC):**

- ARC एक **विशेष प्रकार का वित्तीय संस्थान है** जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों से **गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (NPA) का क्रय करता है और ऋण या संबंधित प्रतिभूतियों को** स्वयं वसूलने का प्रयास करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - **गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (NPA)** NPA वह ऋण है जिसे **NPA के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है** जब ऋण भुगतान **90 दिन के अधिक अवधि के लिये अतिदेय हो गया हो।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- कृषि के लिये, यदि **दो फसल मौसमों तक मूलधन या ब्याज का भुगतान नहीं किया जाता है** तो ऋण को NPA के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

- ARC की अवधारणा **नरसिंहम् समिति - II (1998) द्वारा पेश की गई थी, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम, 2002)** के तहत ARC की स्थापना की गई। **अतः कथन 2 सही है।**
- **ARC कंपनी अधिनियम, 2013** के तहत पंजीकृत है और इसे **SARFAESI अधिनियम, 2002** की **धारा 3** के तहत **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के साथ भी पंजीकृत होना आवश्यक** होता है।
  - यह SARFAESI अधिनियम, 2002 के तहत कार्य करता है और **RBI द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करता है। अतः कथन 3 सही है।**

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **मिशन शक्ति महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण** के लिये एक कार्यक्रम है और इसे **15वें वित्त आयोग (2021-2026)** अवधि के दौरान लागू किया जा रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- मिशन शक्ति में **दो उप-योजनाएँ** शामिल हैं:
  - **संबल (सुरक्षा और संरक्षण): वन स्टॉप सेंटर (OSC), महिला हेल्पलाइन (181), BBBP** का राष्ट्रव्यापी विस्तार और शिकायत निवारण के लिये **नारी अदालत** जैसी पहलों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।
  - **सामर्थ्य (सशक्तिकरण): शक्ति सदनों** (राहत और पुनर्वास गृह), **सखी निवास** (कामकाजी महिलाओं के लिये सुरक्षित आवास) और **पालना** ( क्रेच सुविधाएँ) के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY)** अब **दूसरी संतान, यदि वह लड़की हो,** के लिये सहायता प्रदान करती है, जिससे मातृ स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - **संकल्प: HEW (महिला सशक्तिकरण केंद्र)** महिलाओं के लिये केंद्रीय और राज्य योजनाओं तक पहुँच के लिये **ज़िला-स्तरीय एकल-खिड़की तंत्र** के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 4 सही है।**

**34.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- डेमोइसेल क्रेन, जिसे **भारत में कूंज या कुरजां भी कहते हैं, मूल रूप से रूस के साइबेरियाई क्षेत्र** में पाया जाता है।
- अत्यधिक ठंड से बचने के लिये सर्दियों के दौरान ये क्रेन भारत, विशेष रूप से राजस्थान में प्रवास करता है। **राजस्थान में स्थित खीचन, डेमोइसेल क्रेन** के लिये समर्पित भारत का पहला रिज़र्व है, जहाँ प्रत्येक वर्ष शीतकाल के दौरान 20,000-30,000 क्रेन आते हैं।
- इस प्रजाति को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) द्वारा **"सबसे कम चिंताजनक" श्रेणी** में वर्गीकृत किया गया है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**35.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ऑस्ट्रेडी परिवार से संबंधित **सीप, अकशेरुकी हैं** जो समूहों, तलछटों या भित्तियों में रहते हैं। **सीप के हेमोलिम्फ में पाए जाने वाले रोगाणुरोधी प्रोटीन और पेप्टाइड्स में** हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट करने की क्षमता होती है, जो निमोनिया, टॉन्सिलिटिस और आमवाती बुखार जैसी बीमारियों के लिये ज़िम्मेदार होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन सर्वाहारी जीवों की विशेषता उनके खुरदुरे, चट्टान जैसे सख्त खोल हैं, जो आमतौर पर अंडाकार या नाशपाती के आकार के होते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

- **विश्व भर में उथले जल के महासागरों** में पाए जाने वाले सीपों की कॉलोनियाँ विभिन्न समुद्री जीवों, जैसे समुद्री एनीमोन, बार्नाकल और मसल्स के लिये महत्त्वपूर्ण आवास के रूप में काम करती हैं। **अत: कथन 2 सही है**
- सीपों को कीस्टोन प्रजाति माना जाता है, क्योंकि वे अपने पारिस्थितिकी तंत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, तथा उनकी तलहटी और चट्टानें अनेक समुद्री जीवन रूपों को सुरक्षा प्रदान करती हैं।
- सभी सीपें जीवन की शुरुआत नर के रूप में करती हैं, लेकिन आमतौर पर **लगभग एक वर्ष के बाद स्थायी रूप से मादा में बदल जाती हैं।** इसके अलावा, सीप **अपने जीवनकाल में कई बार लिंग बदल सकते** हैं। **अत: कथन 3 सही है**

**36.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971**

- केंद्रशासित प्रदेशों से पूर्ण राज्यों के रूप में उन्नयन किया गया तथा **असम के स्वायत्त क्षेत्रों** से एक राज्य के रूप में गठित किया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971** ने **मिज़ोरम और अरुणाचल प्रदेश को** केंद्रशासित प्रदेशों के रूप में स्थापित किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- **पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971** ने नए पूर्वोत्तर राज्यों के लिये **राज्य परिषद** (राज्यसभा) और **लोक सभा** (लोकसभा) में सीटें आवंटित कीं। **विधान सभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया। अत: कथन 3 सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**37.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इंडियन ग्रे वुल्फ:**

- इंडियन ग्रे वुल्फ **दक्षिण-पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में पाया जाता है । अत: कथन 1 सही है।**
- इंडियन ग्रे वुल्फ मुख्य रूप से रात्रिचर है, जो दिन के समय नहीं, बल्कि **शाम से सुबह तक शिकार** करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इंडियन ग्रे वुल्फ को IUCN द्वारा **लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, लेकिन यह ठंडे तापमान में नहीं बल्कि गर्म तापमान में उत्पन्न है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **बंकापुर भेड़िया अभयारण्य (कर्नाटक)** महुआदनार भेड़िया अभयारण्य (झारखंड) के बाद भेड़ियों के लिये समर्पित भारत का **दूसरा संरक्षित क्षेत्र है। अत: कथन 4 सही है।**
- **अत: विकल्प A सही उत्तर है।**

**38.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व दक्कन प्रायद्वीप जैवभौगोलिक** क्षेत्र में स्थित है। रिज़र्व में मुख्य रूप से **आर्द्र मिश्रित पर्णपाती वन पाए जाते है**, जिसमें उष्णकटिबंधीय अर्द्ध-सदाबहार वन, **कभी-कभी शुष्क पर्णपाती वन और घास के मैदान** शामिल हैं।
- यह भारत के 7% फूलदार पौधों और 8% आर्किड प्रजातियों का घर है, जो उल्लेखनीय पुष्प समृद्धि को दर्शाता है।
- बाघों के अतिरिक्त, इस रिज़र्व में विविध प्रकार के वन्य जीव पाए जाते हैं, जिनमें सांभर, चीतल, बार्किंग डियर, गौर, माउस डियर, तेंदुए और मछली पकड़ने वाली बिल्लियाँ शामिल हैं।
- उल्लेखनीय रूप से, प्रबंधन के प्रयासों से **खैरी और देव नदियों के किनारे पाए जाने वाले मगर प्रजाति के मगरमच्छों की संख्या में सफलतापूर्वक वृद्धि की गई।**
- **इसके पारिस्थितिक महत्त्व** के कारण, सिमिलिपाल को **वर्ष 2009 में बायोस्फीयर रिज़र्व के वैश्विक नेटवर्क** में एक स्थल के रूप में नामित किया गया था।
- **अत: विकल्प B सही है ।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

39.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **नाइट्रोजन उपयोग दक्षता (NUE)** का उपयोग बायोमास उत्पादन के लिये प्रयुक्त या स्थिर नाइट्रोजन का उपयोग करने में पादप की दक्षता का वर्णन करने के लिये किया जाता है।
    - **यह फसल की उपज और मृदा से अवशोषित या बैक्टीरिया द्वारा स्थिर किये गये नाइट्रोजन का अनुपात है**, जो इसे संधारणीय कृषि के लिये एक महत्त्वपूर्ण पैरामीटर बनाता है।
- खराब NUE से तात्पर्य नाइट्रोजन के अकुशल उपयोग से है, जहाँ निक्षालन और वाष्पीकरण जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से इसकी महत्त्वपूर्ण मात्रा पर्यावरण में नष्ट हो जाती है, जिससे प्रदूषण होता है और उत्पादकता कम हो जाती है।
    - पर्यावरणीय क्षति को न्यूनतम करते हुए फसल की उपज बढ़ाने लिये NUE में सुधार किया जाना आवश्यक है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

40.

उत्तर: D

व्याख्या:

- सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में **विश्व बैंक (न कि वैश्विक जल अर्थशास्त्र आयोग) के तत्वावधान में हस्ताक्षरित एक जल-साझाकरण समझौता है**, जिसका उद्देश्य सिंधु नदी और इसकी 5 सहायक नदियों (सतलज, ब्यास, रावी, झेलम और चिनाब) के जल का देशों के बीच बँटवारा करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह संधि **भारत को तीन पूर्वी नदियों (ब्यास, रावी, सतलुज)** के अप्रतिबंधित उपयोग की अनुमति देती है तथा **तीन पश्चिमी नदियों (चिनाब, सिंधु, झेलम) को पाकिस्तान को आवंटित** करती है, साथ ही भारत को विशिष्ट परिस्थितियों में **घरेलू, गैर-उपभोग्य, कृषि और जलविद्युत प्रयोजनों** के लिये इन नदियों के जल का उपयोग करने की कुछ छूट भी देती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संधि ने **दोनों देशों के प्रतिनिधियों** के साथ एक **स्थायी सिंधु आयोग (PIC)** की स्थापना को अनिवार्य किया, जिसे संधि के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये **वार्षिक बैठक** करनी होती है।

41.

उत्तर: C

व्याख्या:

स्क्रैमजेट इंजन:

- **रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO)** ने **भारत की हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक** को आगे बढ़ाते हुए **सुपरसोनिक दहन रैमजेट (स्क्रैमजेट) इंजन** का सफलतापूर्वक **ग्राउंड टेस्ट** किया है।
- **स्क्रैमजेट इंजन (एयर-ब्रीदिंग इंजन)** एक उन्नत **रैमजेट** है जो **दहन** के लिये **सुपरसोनिक एयरफ्लो** का उपयोग करता है, जिससे तेज़ गति प्राप्त होती है।
    - यह थ्रस्ट के लिये **तरल हाइड्रोजन** और **तरल ऑक्सीजन** का उपयोग करता है, जिससे **बेहतर ईंधन दक्षता** प्राप्त होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- टर्बोजेट इंजन के विपरीत, **रैमजेट** और **स्क्रैमजेट** में कोई **गतिशील भाग नहीं होता है,** इनमें केवल एक **इनलेट, कम्बस्टर** (ईंधन इंजेक्टर और फ्लेम होल्डर के साथ) और एक **नोजल** होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- स्क्रैमजेट हाइपरसोनिक वाहनों के लिये **ध्वनि की गति से भी अधिक गति पर एयरफ्लो को संभालने,** गतिशीलता प्रदान करने और रणनीतिक लाभ प्रदान करने के लिये महत्त्वपूर्ण हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
    - **मैक 5 (5,400 किमी/घंटा से अधिक)** से अधिक गति से यात्रा करते हुए, उच्च गति, उच्च प्रभाव वाले हमलों से हवाई सुरक्षा को भेद देती हैं।
- अमेरिका, रूस और चीन हाइपरसोनिक तकनीक को आगे बढ़ा रहे हैं।
- वर्ष 2021 में, चीन ने एक परमाणु-सक्षम हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन का परीक्षण किया, जिसने अपने लक्ष्य की ओर अग्रसरित होने से बढ़ने से पहले ग्लोब का चक्कर लगाया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**42.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय बालिका दिवस** प्रतिवर्ष **24 जनवरी** को मनाया जाता है जिसका उद्देश्य संपूर्ण भारत में बालिकाओं के अधिकारों, सशक्तीकरण और क्षमता को बढ़ावा देना है। **अत: कथन-I सही है।**
  - **विषय: "उज्ज्वल भविष्य हेतु बालिकाओं को सशक्त बनाना"।** इसके तहत **शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल** और **व्यक्तिगत विकास** में बालिकाओं के लिये **समान अवसरों** पर बल दिया गया है।
  - **BBBP के 10 वर्ष पूर्ण: बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) योजना** की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर वर्ष 2025 का समारोह 22 जनवरी से 8 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसका समापन **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** पर होगा।
  - वर्ष 2015 में शुरू की गई बेटी बचाओ बेटी पढाओ (BBBP) योजना बालिकाओं के अस्तित्व, संरक्षण और शिक्षा को बढ़ावा देते हुए घटते शिशु लिंगानुपात में सुधार लाने पर केंद्रित है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।**

**43.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मृत्यु दंड:**

- मृत्युदंड, जिसे **कैपिटल पनिशमेंट भी कहा जाता है,** भारतीय न्यायिक प्रणाली में सजा का **सबसे कठोर रूप है क्योंकि इसे** अन्य प्रकार की सजाओं की तरह निष्पादन के बाद **परिवर्तित** नहीं किया जा सकता है ।
  - इसमें **राज्य द्वारा किसी व्यक्ति को** गंभीर अपराधों के लिए दंड स्वरूप मृत्युदंड दिया जाता है।
- ***बचन सिंह बनाम पंजाब राज्य मामले***, 1980 में , सुप्रीम कोर्ट (SC) ने मृत्युदंड को संवैधानिक माना, लेकिन इसे गंभीर और कम करने वाली दोनों परिस्थितियों पर विचार करने के बाद **"दुर्लभतम" मामलों में दिया जाना चाहिये। अत: कथन-I सही है।**
- भारत में मृत्युदंड **भारतीय न्याय संहिता, 2023,** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और अन्य विशेष कानूनों के प्रावधानों द्वारा शासित होता है। **अत: कथन-II सही है।**
  - **BNS बलात्संग से मृत्यु (धारा 66), नाबालिगों के साथ सामूहिक बलात्संग (धारा 70(2)), बार बार बलात्संग (धारा 71)** और अन्य अपराधों के लिये मृत्युदंड का प्रावधान करता है।
  - मृत्यु दंड योग्य अपराधों में **हत्या (धारा 302), आतंकवाद (UAPA, 1967) और NDPS अधिनियम, 1985** के तहत कुछ मादक पदार्थों की तस्करी के अपराध शामिल हैं।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।**

**44.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय खाद्य निगम (FCI) खाद्य निगम अधिनियम 1964 द्वारा स्थापित एक वैधानिक निकाय है। FCI उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (PSU) है। **अत: कथन 1 सही है।**
- शांता कुमार समिति का गठन वर्ष 2014 में भारतीय खाद्य निगम (FCI) के संचालन और वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिये किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

**45.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मनरेगा वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े रोजगार गारंटी कार्यक्रमों में से एक है, जिसे ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा **वर्ष 2005** में शुरू किया गया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसी भी

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों के लिये प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों का रोज़गार सुनिश्चित करना है जो सार्वजनिक कार्यों से संबंधित अकुशल शारीरिक श्रम में संलग्न होने के इच्छुक हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह कानूनी तौर पर किसी भी ग्रामीण वयस्क को अनुरोध करने के 15 दिनों के भीतर कार्य की गारंटी प्रदान करता है, तथा यदि कार्य नहीं दिया जाता है तो 'बेरोजगारी भत्ता' भी प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**46.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **राजकोषीय समेकन से** तात्पर्य दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये सरकारी वित्त के विवेकपूर्ण प्रबंधन से है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **सरकारी राजस्व** (कर और गैर-कर प्राप्तियाँ) को व्यय के साथ संतुलित करने पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य राजकोषीय घाटे को न्यूनतम करना, लोक ऋण को नियंत्रित करना और सतत् आर्थिक विकास में सहायता करना है।
- अत्यधिक उधारी और सरकारी खर्च पर अंकुश लगाकर, राजकोषीय समेकन से **कीमतों को स्थिर रखने और मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने** में मदद मिलती है।
- **राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम,** 2003 का उद्देश्य राजकोषीय घाटे को कम करने और राजकोषीय उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिये सरकार में **वित्तीय समेकन** स्थापित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**47.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अमेरिकी राष्ट्रपति ने** अपने विदाई संबोधन में अमेरिका में **ओलिगार्की अथवा कुलीनतंत्र** के बढ़ते प्रभाव के प्रति आगाह किया, जहाँ **अरबपतियों का एक छोटा समूह तीव्रता से सार्वजनिक नीति को आकार दे रहा** है।
- कुलीनतंत्र का तात्पर्य एक **छोटे, प्रभावशाली समूह द्वारा संचालित सरकारी** सत्ता से है इसके अंतर्गत सत्ता का समान रूप से वितरण हो भी सकता है और नहीं भी।
    - यह लोकतंत्र से भिन्न है क्योंकि इसमें **केवल कुछ ही व्यक्ति निर्णय लेते हैं**।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**48.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 का उद्देश्य भारत में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों के अधिकारों, कल्याण एवं कार्य स्थितियों की सुरक्षा करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसके तहत इनकी **सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी उपायों** पर ध्यान देने के साथ रोज़गार विनियमों को प्रबंधित करना शामिल है जिससे सबसे कमज़ोर श्रम क्षेत्रों में से एक के रूप में इसमें बेहतर कार्य स्थितियाँ सुनिश्चित हो सकें।
- यह अधिनियम **अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)** के सिद्धांतों के अनुसार तैयार (**विशेष रूप से विनिर्माण सुरक्षा और स्वास्थ्य पर ILO कन्वेंशन संख्या** 167 के अनुरूप) किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**49.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- दक्षिण अफ्रीका में 2001 में अपनाई गई केप **टाउन संधि (CTC)** एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसके तहत ऋणदाताओं (जैसे पट्टादाता, उधारदाता और वित्तपोषक) को विमान, इंजन और हेलीकॉप्टर जैसी उच्च मूल्य वाली मोबाइल परिसंपत्तियों के अधिग्रहण की अनुमति (यदि एयरलाइन द्वारा पट्टा भुगतान में चूक की जाती है) दी गई है।
- इसकी प्रमुख विशेषताओं में मोबाइल उपकरणों से संबंधित हितों को दर्ज करने के लिये एक वैश्विक रजिस्ट्री की स्थापना के

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

साथ पारदर्शिता सुनिश्चित करना एवं पंजीकृत लेनदारों के दावों को प्राथमिकता देना शामिल है।

- भारत **ने वर्ष 2008 में CTC पर हस्ताक्षर** किये थे लेकिन **अभी तक इसकी पुष्टि नहीं** की है, इसलिये इस कन्वेंशन के प्रावधान **भारत पर विधिक रूप से बाध्यकारी नहीं** हैं।
- अमेरिका और चीन के बाद **भारत में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाज़ार** है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**50.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (JNPA):**

- यह नवी मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित है और इसे वर्ष 1989 में शुरू किया गया था।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **भारत का पहला लैंडलॉर्ड मेजर पोर्ट:** इसमें पूरी तरह से **लैंडलॉर्ड पोर्ट मॉडल** को अपनाया जाता है।
  - **कंटेनर टर्मिनल:** इसके तहत **भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल (BMCT), न्हावा शेवा इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल (NSICT)** और **गेटवे टर्मिनल्स इंडिया प्राइवेट (GTIPL)** सहित 5 कंटेनर टर्मिनल का संचालन किया जाता है।
- इसके तहत **कनेक्टिविटी और व्यापार दक्षता बढ़ाने के क्रम में वधावन बंदरगाह** पर **सैटेलाइट बंदरगाह** के साथ जालना और वर्धा में **शुष्क बंदरगाहों की योजना** बनाई गई है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**51.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू** के नेतृत्व में भारत ने **डच औपनिवेशिक शासन** से स्वतंत्रता के लिये **इंडोनेशिया की लड़ाई** का पुरज़ोर समर्थन किया था।
  - भारत और इंडोनेशिया ने **वर्ष 1951 में मैत्री संधि** पर हस्ताक्षर किये और **व्यापार, संस्कृति और सैन्य मामलों** में सहयोग बढ़ा।
  - दोनों राष्ट्र **गुटनिरपेक्षता, उपनिवेशवाद-विरोध और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व** पर एकमत थे, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1955 के बांडुंग सम्मेलन में उनकी सक्रिय भागीदारी हुई और **वर्ष 1961 में गुटनिरपेक्ष आंदोलन का गठन** हुआ।
- इंडोनेशिया अब आसियान क्षेत्र में भारत का **दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है (पहला-सिंगापुर), और **व्यापार वर्ष 2005-06 में 4.3 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 38.84 बिलियन अमरीकी डॉलर** हो गया है। इंडोनेशिया में भारतीय निवेश **1.56 बिलियन अमरीकी डॉलर** है।
  - इंडोनेशिया भारत के साथ **ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली** खरीदने के लिये बातचीत कर रहा है, जिसकी कीमत पर व्यापक सहमति बन गई है, जिसका अनुमान **450 मिलियन अमेरिकी डॉलर** है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**52**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**PM-यशस्वी (PM-YASASVI) योजना:**

- **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय** द्वारा शुरू की गई यह योजना हाशिये पर पड़े छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये **वित्तीय सहायता** प्रदान करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **OBC, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (EBC) और DNT (विमुक्त) छात्रों** के लिये खुला है, जिनकी **पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपए प्रति वर्ष** तक है। अत: कथन 2 सही है।
- यह एक **व्यापक** योजना है जिसमें निम्नलिखित उप-योजनाएँ शामिल हैं:
  - **प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति:** 2.5 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों को **4,000 रुपए** वार्षिक शैक्षणिक भत्ता।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति:** पाठ्यक्रम श्रेणी के आधार पर **5,000 रुपए से 20,000 रुपए तक।**
- **कॉलेज शिक्षा :** शीर्ष कॉलेज के छात्रों को ट्यूशन, रहने का खर्च और शिक्षा सामग्री सहित **पूर्ण वित्तीय सहायता** मिलती है।
- **छात्रावास :** सरकारी स्कूलों और संस्थानों के पास **आवास की सुविधा।**

**53.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आर्द्रभूमि मान्यता प्राप्त शहर:**

- यह उन शहरों के लिये एक **अंतरराष्ट्रीय मान्यता** है जो अपने आर्द्रभूमि के **संरक्षण और स्थायी प्रबंधन के लिये प्रतिबद्ध** हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह उन **शहरी क्षेत्रों** को मान्यता देता है जो आर्द्रभूमि की रक्षा करते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि वे पर्यावरण और समुदायों को **आवश्यक सेवाएँ** प्रदान करते हैं।
- यह पुरस्कार उन शहरों को दिया जाता है जो **छह अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों** को पूरा करते हैं, जिनमें मुख्य रूप से **आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र और उनकी सेवाओं के संरक्षण** पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।
  - मान्यता प्राप्त **शहरों को शहरी विकास** और पारिस्थितिकी संरक्षण के बीच **संतुलन** बनाने के उनके प्रयासों के लिये मान्यता दी जाती है।
- **इंदौर और उदयपुर रामसर अभिसमय** के तहत **मान्यता प्राप्त आर्द्रभूमि शहरों** के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने वाले **पहले भारतीय शहर** बन गए हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्तमान में, **85 भारतीय आद्रभूमियाँ रामसर अभिसमय** के तहत संरक्षित हैं , जिसमें विश्व भर के **172 सदस्य देश** शामिल हैं।

**54.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **संविधान दिल्ली को सर्वोच्च न्यायालय का मुख्यालय घोषित करता है,** लेकिन भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) को राष्ट्रपति की मंजूरी से अन्य स्थानों को भी मुख्यालय घोषित करने की अनुमति देता है, हालांकि यह अनिवार्य नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सर्वोच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश को राष्ट्रपति के आदेश द्वारा उसके पद से तभी हटाया जा सकता है,** जब संसद दोनों सदनों में विशेष बहुमत द्वारा समर्थित अभिभाषण प्रस्तुत करे, जिसमें सिद्ध कदाचार या अक्षमता का हवाला दिया गया हो। **अत: कथन 2 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के लिये व्यक्ति को भारतीय नागरिक होना चाहिये, कम से कम पाँच वर्षों तक किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य किया हो, या कम से कम दस वर्षों तक किसी उच्च न्यायालय में अधिवक्ता रहा हो, या राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित विधिवेत्ता के रूप में मान्यता प्राप्त हो।
  - **संविधान में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिये न्यूनतम आयु निर्दिष्ट नहीं की गई है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**55.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मेगालिथिक काल की कब्रों से लगभग **33 प्रकार के लोहे के औजारों** की पहचान की गई है। इनका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिये किया जाता था:
  - कृषि में कुदाल, दरांती और कुल्हाड़ी जैसे औजारों का उपयोग किया जाता था, जबकि घरेलू जरूरतें बर्तन और तिपाई स्टैंड जैसी वस्तुओं से पूरी की जाती थीं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- शिल्पकला संबंधी गतिविधियों के लिये छेनी और कीलें बनाई जाती थीं, तथा युद्ध और शिकार के लिये तलवारें, खंजर, भाले और तीर के सिरे बनाए जाते थे।
- कई स्थलों पर लोहे के उपयोग के महत्त्वपूर्ण निशान पाए गए हैं:
  - **विदर्भ में नाइकुंड से लोहा गलाने की भट्ठी का पता चला है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - **नागपुर में माहुरझारी** से लोहे की घुंडियों के साथ ताँबे की चादरों से बने घोड़े के सिर के आभूषण प्राप्त हुए हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - **तमिलनाडु के पैयमपल्ली** में अत्यधिक मात्रा में लौह धातुमल मिला है, जो स्थानीय लौह प्रगलन की ओर इंगित करता है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- ये निष्कर्ष लौह प्रौद्योगिकी में प्रगति की ओर संकेत करते हैं, तथा आग पर नियंत्रण करने तथा अयस्क से लोहा निकालने की प्रारंभिक क्षमता को प्रदर्शित करते हैं।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**56.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन:**

- NHM को भारत सरकार ने **2013 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन** (2005 में शुरू) और **राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन** (वर्ष 2013 में शुरू) को शामिल करके लॉन्च किया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- मुख्य कार्यक्रम घटकों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (RMNCH+A), और संक्रामक और गैर-संक्रामक रोगों के लिए **स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना शामिल है । अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NHM का लक्ष्य समतापूर्ण, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं **तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करना है, जो लोगों की आवश्यकताओं के प्रति जवाबदेह और उत्तरदायी हों।**
- **पहल:**
  - **जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (JSSK) सहित प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (RMNCH+A) पर ध्यान केंद्रित करना।**
- **संचारी रोग नियंत्रण: राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम** एवं **संशोधित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम** जैसी पहलों के तहत **क्षय रोग (टीबी), मलेरिया, कुष्ठ रोग और एचआईवी/एड्स** के निराकरण पर ध्यान केंद्रित करना।
- **गैर-संचारी रोग:** राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत **कैंसर,** मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम करना।

**57.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ओलिव रिडले कछुए:**

- ऑलिव रिडले कछुए **जैतून या भूरे-हरे रंग के होते हैं,** जिनका **ऊपरी भाग** हृदय के आकार का होता है।
  - ये केम्प्स रिडले (Kemp's ridleys) (मुख्य रूप से मैक्सिको की खाड़ी में पाए जाने वाले) से काफी मिलते-जुलते हैं और **सबसे छोटे समुद्री कछुए** हैं। उनका आकार और आकृति क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग होती है, सबसे बड़ा कछुआ पश्चिमी अफ्रीका में पाया जाता है।
- ये **प्रशांत, हिंद और अटलांटिक महासागरों के उष्णकटिबंधीय** क्षेत्रों में पाया जाता है।
- **ये पेलाजिक (खुले महासागर) और तटीय** जल दोनों में निवास करते हैं।
- भारत में इनके प्रमुख नीडन स्थल **ऋषिकुल्या, गहिरमाथा, ओडिशा में देवी नदी मुहाना** और **अंडमान द्वीप समूह हैं।**
  - **गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य** को विश्व में ओलिव रिडले समुद्री कछुओं के लिये **सबसे बड़े मास नेस्टिंग** के रूप में जाना जाता है।
- ऑलिव रिडले कछुए **अरिबाडा** (स्पेनिश में "Arrival" (आगमन)) एक अद्वितीय मास नेस्टिंग (**सामूहिक घोंसला**) के लिये प्रसिद्ध है, जिसमें **हज़ारों मादाएँ** एक साथ नेस्टिंग करती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- सितंबर से वे प्रशांत महासागर से भारतीय समुद्र तक 9,000 किलोमीटर की यात्रा करते हैं। प्रजनन के बाद, नर पीछे हट जाते हैं, और मादाएँ दिसंबर से मार्च तक नेस्टिंग करती हैं।
  - मादाएँ प्रत्येक मौसम में 1-3 बार घोंसला बनाती हैं तथा प्रति समूह लगभग 100 अंडे देती हैं।
  - नवजात शिशुओं का लिंग **नेस्टिंग के तापमान के आधार पर निर्धारित** होता है।
- **शाकाहारी हरे कछुए** को छोड़कर **सभी समुद्री कछुओं की प्रजातियों** की तरह, **ओलिव रिडले** सर्वाहारी है, जो जेलीफिश, घोंघे, केकड़े, झींगे, शैवाल और छोटी मछलियाँ खाते है।
  - भोजन और नीडन स्थलों के बीच लंबी दूरी तक प्रवास करते हैं।
- **संरक्षण स्थिति:**
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची 1
  - **IUCN रेड लिस्ट:** सुभेद्य
  - **CITES:** परिशिष्ट I
- **अत: विकल्प A सही है।**

**58.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग ज़िले में स्थित **नमदाफा टाइगर रिज़र्व** को वर्ष 1983 में भारत के 15वें टाइगर प्रोजेक्ट के अंतर्गत शामिल किया गया था।
- इसे मूलत: वर्ष 1972 में वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था, बाद में इसे राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिज़र्व का दर्जा प्राप्त हुआ।
- रिज़र्व का नाम **नामदाफा** नदी से लिया गया है, जो **दफाबुम** (जहाँ **"दफा" का अर्थ पहाड़ी है और "बम" का अर्थ शिखर है**) से निकलती है और नोआ-देहिंग नदी के साथ विलय से पहले उत्तर से दक्षिण की ओर बहती है।
- इस भूदृश्य में विविध वनस्पतियाँ हैं, जिनमें **उत्तरी उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन, नम पर्णपाती वन और अल्पाइन झाड़ी वन** शामिल हैं।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**59.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अरोमा मिशन की शुरुआत वर्ष 2016 में जम्मू और कश्मीर में की गई थी** और इसका उद्देश्य सुगंधित फसलों की कृषि और आवश्यक तेलों के उत्पादन को बढ़ाकर भारत के अरोमा उद्योग को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे **लैवेंडर क्रांति** के नाम से जाना जाता है। सुगंधित फसलें (जैसे गुलाब, पुदीना) सुगंधित तेलों के लिये उगाए जाने वाले पौधें हैं, जिनका उपयोग सौंदर्य प्रसाधन, अरोमाथेरेपी और खाद्य उद्योगों में किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस मिशन की नोडल एजेंसी **CSIR-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (CSIR-CIMAP), लखनऊ** है।

**60.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चिनार का वृक्ष:**

- **प्रकार:** *प्लैटेनेसी प्रजाति का* पर्णपाती वृक्ष।
- **विशेषताएँ:** यह पूर्वी हिमालय के **ठंडे, जल-समृद्ध क्षेत्रों में मूल रूप से पाया जाता है, जिसकी लंबाई 10-15 मीटर की परिधि** के साथ **30 मीटर** तक हो सकती है।
  - इसे **परिपक्व होने में 30-50 वर्ष तथा पूर्ण आकार तक पहुँचने में 150 वर्ष** तक का समय लगता है।
- **मुगल काल (जहाँगीर)** के दौरान नामित यह वृक्ष, **जम्मू-कश्मीर** का राज्य वृक्ष है, तथा विशेष रूप से शरद ऋतु में एक **प्रमुख पर्यटक** आकर्षण है।
- वर्ष 2021 में शुरू किये गए वृक्ष **आधार मिशन के तहत अनाधिकृत कटाई को रोकने के लिए चिनार के वृक्ष** को जियो-टैग किया जाता है। अब तक 28,560 से अधिक पेड़ों को अद्वितीय वृक्ष आधार संख्या के साथ जियो-टैग किया गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

61.

उत्तर: B

व्याख्या:

**फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2025:**

- **फिस्कल हेल्थ इंडेक्स (FHI)** भारतीय राज्यों की राजकोषीय स्थिति का मूल्यांकन करने हेतु एक **मूल्यांकन साधन** है और इसके अंतर्गत **उन विशिष्ट क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जाता है जिनमें सुधार किया जा सकता है।**
- राजकोषीय प्रशासन में सुधार लाने के उद्देश्य से, **राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति आयोग)** ने अपना **पहला फिस्कल हेल्थ इंडेक्स (FHI) 2025 लॉन्च किया।**
- **इस सूचकांक में वर्ष 2022 से वर्ष 23 की अवधि में 18 प्रमुख भारतीय राज्यों की राजकोषीय स्थिति** का व्यापक मूल्यांकन किया गया है, तथा डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि प्रदान की गई है जो राज्य स्तर पर नीतिगत हस्तक्षेपों का मार्गदर्शन करेगा।
- **पैरामीटर:** FHI पाँच प्रमुख उप-सूचकांकों के आधार पर राज्यों का श्रेणीकरण करता है।
  - **व्यय की गुणवत्ता:** इसमें दीर्घकालिक विकास (विकासात्मक) बनाम नियमित परिचालन (गैर-विकासात्मक) पर किये गए व्यय के अनुपात को मापा जाता है।
    - इसमें आर्थिक उत्पादन के हिस्से के रूप में पूंजी निवेश का आकलन किया जाता है।
  - **राजस्व जुटाना:** यह राज्य की **स्वयं का राजस्व उत्पन्न करने** तथा अपने व्यय को स्वतंत्र रूप से पूरा करने की क्षमता को दर्शाता है।
  - **राजकोषीय विवेक:** इसमें आर्थिक उत्पादन के सापेक्ष **घाटे (राजकोषीय और राजस्व)** तथा उधारी का आकलन किया जाता है, तथा संबद्ध राज्य की राजकोषीय स्थिति का विवरण प्रदान किया जाता है।
  - **ऋण सूचकांक:** इसके अंतर्गत आर्थिक आकार के सापेक्ष ब्याज भुगतान और देनदारियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए **राज्य के ऋण बोझ** का आकलन किया जाता है।
  - **ऋण स्थिरता:** इसके अंतर्गत सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) वृद्धि की तुलना **ब्याज भुगतान** से की जाती है, जिसमें सकारात्मक अंतर **राजकोषीय स्थिरता** को दर्शाता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

62.

उत्तर: A

व्याख्या:

**लाला लाजपत राय**

- **परिचय:** उनका जन्म **28 जनवरी 1865 को पंजाब के फिरोज़पुर** ज़िले में हुआ था।
  - **पंजाब केसरी के** नाम से प्रसिद्ध , वे एक प्रेरक **नेता एवं समाज सुधारक** थे।
- **स्वतंत्रता योगदान:** वह **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC)** के एक प्रमुख नेता थे, उन्होंने **बंगाल विभाजन (1905)** का विरोध किया और **असहयोग आंदोलन (1920)** का समर्थन किया।
- उन्होंने वर्ष 1916 में **बाल गंगाधर तिलक** और **एनी बेसेंट** द्वारा शुरू किये गए **भारत के होमरूल आंदोलन** का समर्थन करने के लिये **होम रूल लीग ऑफ अमेरिका (1917)** की स्थापना की और **रॉलेट एक्ट** तथा **जलियाँवाला बाग हत्याकांड** का विरोध किया।
- उन्होंने साइमन कमीशन के विरोध में हुए आंदोलन (1928) का नेतृत्व किया , जहाँ **लाठीचार्ज में लगी चोटों के कारण उनकी मृत्यु** हो गई।
- **अत: विकल्प A सही है।**

63.

उत्तर: C

व्याख्या:

**भारतीय तारामंडल के साथ नेविगेशन (NavIC) प्रणाली:**

- NavIC प्रणाली कक्षा में **7 परिचालन उपग्रहों (भूस्थिर कक्षा में 3 और भू-समकालिक कक्षा में 4)** से बनी है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट:

- NavIC **भारतीय उपमहाद्वीप और उससे 1,500 किमी दूर** तक के क्षेत्रों में उपयोगकर्त्ताओं को सटीक **स्थिति, वेग और समय** की जानकारी प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NVS-02 **भारतीय तारामंडल के साथ नेविगेशन (NavIC)** की **दूसरी पीढ़ी के उपग्रहों की शृंखला** में **दूसरा उपग्रह** है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** ने **श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC)** से **NVS-02 उपग्रह** को स्थापित करने के लिये **GSLV -F 15** का उपयोग करते हुए अपना ऐतिहासिक 100 वाँ प्रक्षेपण किया।
- GSLV-F15 **GSLV की 17वीं उड़ान है, तथा स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण वाली 11वीं उड़ान** है।
- SDSC से पहला प्रक्षेपण **अगस्त 1979 में रोहिणी प्रौद्योगिकी पेलोड** (आंशिक रूप से सफल) के साथ किया गया।
- ISRO के प्रमुख प्रक्षेपणों में **चंद्रयान-1** (2008), **मार्स ऑर्बिटर मिशन** (2013), **PSLV-C37** (2017, विश्व रिकॉर्ड: **104 उपग्रह प्रक्षेपित** ), **चंद्रयान-2** (2019), और **चंद्रयान**-3 (2023), **आदित्य-L1** (2023) शामिल हैं।

**64.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 20(3):**

- **अनुच्छेद 20(3)** के तहत किसी भी अपराध के अभियुक्त **व्यक्ति को अपने विरुद्ध साक्षी बनने के लिये विवश** नहीं किया जाएगा।
  - **आत्म-दोष के विरुद्ध संरक्षण** का **मौखिक और लिखित साक्ष्य** दोनों रूपों में प्रावधान है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - हालाँकि इसमें **भौतिक वस्तुओं** की अनिवार्य प्रस्तुति, **अंगूठे के निशान, हस्ताक्षर, रक्त के नमूने देने की बाध्यता अथवा शारीरिक अंगों के प्रदर्शन** की बाध्यता **निहित नहीं** है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इसके अलावा यह केवल **आपराधिक कार्यवाही तक ही सीमित** है, न कि दीवानी कार्यवाही या गैर-आपराधिक प्रकृति की कार्यवाही तक। **अतः कथन 3 सही है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

**65.**

**उत्तर: (C)**

**व्याख्या:**

- भारतीय मानक समय (IST), +5:30 घंटे के के साथ सार्वभौमिक समन्वित समय पर आधारित है, जिसका नियंत्रण **CSIR-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (CSIR-NPL) द्वारा किया जाता है।**
- **CSIR- राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला**
  - NPL भारत की सबसे पुरानी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में से एक है। इसकी आधारशिला **वर्ष 1947 में** जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी और इसका औपचारिक उद्घाटन **वर्ष 1950 में** सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था।
  - **कार्य:** यह **मीटर, किलोग्राम, सेकंड, केल्विन, एम्पीयर और कैंडेला** सहित अंतर्राष्ट्रीय **प्रणाली (SI मात्रक)** पर आधारित भौतिक माप इकाइयों को बनाए रखने के लिये ज़िम्मेदार है।
  - NPL द्वारा उद्योगों को सटीक माप में सहायता प्रदान करने के साथ उत्सर्जन निगरानी उपकरणों को प्रमाणित किया जाता है।
  - **प्रमुख योगदान:** उन्नत **परमाणु घड़ियों का विकास करना** तथा **सीज़ियम परमाणु घड़ियों (सीज़ियम परमाणुओं के उपयोग द्वारा संचालित होना)** और **हाइड्रोजन मेसर** (सटीक आवृत्ति प्रदान करने के लिये हाइड्रोजन परमाणुओं का उपयोग करना) का उपयोग करके **भारतीय मानक समय (IST)** को बनाए रखना।
- **अतः विकल्प C सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

66.

उत्तर: B

व्याख्या:

- तरासा, बोम्पोका और कटचाल्ल द्वीप **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के निकोबार द्वीप क्षेत्र में अवस्थित हैं।**
- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भारतीय मुख्य भूभाग से लगभग 1,300 किमी. दक्षिण पूर्व में स्थित हैं, जो बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में भारत को महत्त्वपूर्ण पुरोगामी उपस्थिति प्रदान करते हैं।
- इस स्थान से भारत को **प्रमुख समुद्री अवरोध बिंदुओं**, विशेष रूप से **मलक्का जलडमरूमध्य** पर निगरानी रखने तथा उन पर नियंत्रण करने की सुविधा मिलती है।
- इनकी अवस्थिति भारत को संबद्ध क्षेत्र में नौसैनिक गतिविधियों, नौवहन यातायात और संभावित सुरक्षा खतरों पर नज़र रखने में सक्षम बनाती है, जिससे उसकी समुद्री क्षेत्र की सजगता बढ़ती है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

67.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत का रजिस्ट्रार जनरल (RGI) एक सरकारी प्राधिकारी है जो **भारत में जनसांख्यिकीय डेटा एकत्र करने और इसे बनाए रखने का कार्य करता है। अत: कथन 1 सही है।**
    - इसकी स्थापना **वर्ष 1961 में मुख्य रूप से समग्र देश** में **जनगणना कार्य** करने के लिये की गई थी। RGI **जन्म, मृत्यु और जनसंख्या डेटा सहित महत्त्वपूर्ण आँकड़ों की देखरेख करता है**, और **राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) का प्रबंधन भी करता है**।
- यह **गृह मंत्रालय** के अधीन कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

68.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **SWF सरकारी स्वामित्व वाली निधियाँ** हैं जिनका स्रोत **राज्य के अधिशेष** हैं, जो प्राय: **प्राकृतिक संसाधनों, व्यापार अधिशेष या बजट आधिक्य** जैसे विभिन्न स्रोतों से प्राप्त होती हैं।
    - **SWF सरकारों को रणनीतिक निवेश** के माध्यम से धन सृजन में मदद करते हैं, जिससे **वित्तीय स्थिरता और आर्थिक विकास** सुनिश्चित होता है।
- **विशेषताएँ: सैंटियागो सिद्धांत 2008 के अनुसार** SWF को **3 प्रमुख अभिलक्षण के साथ परिभाषित किया गया है:**
    - इस पर **सार्व सरकार** का स्वामित्व होता है, जिसमें **केंद्रीय सरकार** और **उप-राष्ट्रीय** सरकारें दोनों शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसमें **विदेशी वित्तीय परिसंपत्तियों** में निवेश भी शामिल है।
    - **वित्तीय उद्देश्यों** के लिये इनका निवेश किया जाता है।
    - इन प्रमुख कारकों में पॉलिसीधारकों के स्वामित्व वाली **लोक पेंशन निधियाँ**, तथा **केंद्रीय बैंक की आरक्षित परिसंपत्तियाँ शामिल नहीं हैं,** जिनमें **निवेश नहीं किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।**
- **सैंटियागो सिद्धांत** 24 **स्वैच्छिक दिशानिर्देशों** के एक समूह को संदर्भित करता है जो **सॉवरेन वेल्थ फंड्स (SWF)** के लिये पारदर्शिता, सुशासन, जवाबदेही और विवेकपूर्ण निवेश प्रथाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
- इन सिद्धांतों की स्थापना **वर्ष 2008 में सॉवरेन वेल्थ फंड्स के अंतर्राष्ट्रीय फोरम (न कि अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम)** द्वारा की गई थी, जो **वैश्विक SWF** का एक स्वैच्छिक संगठन है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

69.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) का नेतृत्व:** महात्मा गांधी 20वीं सदी के प्रारंभ में भारतीय **राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के एक प्रमुख नेता बन गए और इन्होंने** ब्रिटिश शासन को चुनौती देने के लिये **अहिंसक प्रतिरोध तथा जन-आंदोलन की वकालत की।**
- **वर्ष 1924 का बेलगाम अधिवेशन** कॉन्ग्रेस का एकमात्र ऐसा अधिवेशन था जिसकी अध्यक्षता गांधी जी ने की थी।
  - **असहयोग आंदोलन (NCM) (1920-1922):** गांधीजी ने **जलियाँवाला बाग हत्याकांड** और दमनकारी **रॉलेट एक्ट की प्रतिक्रिया में NCM की शुरुआत की। अत: कथन 1 सही है।**
- उन्होंने **भारतीयों से ब्रिटिश संस्थाओं, वस्तुओं और सम्मानों का बहिष्कार करने का आग्रह किया।**
- गांधीजी को **बोअर युद्ध** में उनकी भूमिका के लिये **वर्ष 1915 में कैसर-ए-हिंद उपाधि से सम्मानित किया गया था** लेकिन उन्होंने जलियाँवाला बाग हत्याकांड के विरोध में **वर्ष 1920 में इसे वापस कर दिया था।**
  - **नमक मार्च (1930):** गांधीजी ने ब्रिटिश नमक कर के विरोध में गुजरात के तटीय **शहर दांडी तक नमक मार्च का नेतृत्व किया। इस क्रम में सविनय अवज्ञा आंदोलन** की शुरुआत हुई।
  - **भारत छोड़ो आंदोलन (QIM), 1942:** गांधीजी ने भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करने की मांग करते हुए QIM का आह्वान किया।
- उनके नारे **"करो या मरो" ने लाखों लोगों को विरोध प्रदर्शनों, हड़तालों और सविनय अवज्ञा के कार्यों में भाग लेने के लिये प्रेरित किया,** जिससे स्वतंत्रता संग्राम में लोगों की भागीदारी में काफी वृद्धि हुई। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **अहिंसा का दर्शन: अपने पूरे सक्रियता अभियान के दौरान गांधीजी ने सत्याग्रह और अहिंसा** के सिद्धांतों पर बल दिया तथा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की वकालत की।
- **उनके दृष्टिकोण ने न केवल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को प्रभावित किया बल्कि नेल्सन मंडेला** और **मार्टिन लूथर किंग जूनियर** के नेतृत्व वाले विश्वव्यापी नागरिक अधिकार आंदोलनों को भी प्रेरित किया।
- 2 अक्तूबर को **अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस** के रूप में भी मनाया जाता है, जिसकी स्थापना 15 जून 2007 को **संयुक्त राष्ट्र महासभा** द्वारा की गई थी।

70.

उत्तर: B

व्याख्या:

- क्वांटम कंप्यूटर टर्नरी लॉजिक (0, 1, और 2) का उपयोग **नहीं** करते हैं; वे **सुपरपोजिशन और एन्टेंगलमेंट** जैसे क्वांटम सिद्धांतों पर काम करते हैं, हालाँकि क्वांटम-मैकेनिकल तरीके से वे बाइनरी अवस्थाओं (0 और 1) का उपयोग करते हैं,। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- क्वांटम कंप्यूटर **क्यूबिट** का उपयोग करते हैं, जो 0 और 1 दोनों अवस्थाओं में एक साथ मौजूद रहने के लिये **सुपरपोजिशन का लाभ** उठाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट: